CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, बुधवार 20 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00च

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई पेज 3



एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान खेल टाइम्स



मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण सम्पादकीय



25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर संकट पेज 12

## भारत को फर्टिलाइजर व रेयर अर्थ मेटल देगा चीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जुलाई में इनका निर्यात बैन किया था
■ दिल्ली पहुंचे चीनी विदेश मंत्री ने सहयोग का भरोसा दिया

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है।

सूत्रों के अनुसार चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है। श्री वांग ई सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया। गौरतलब है कि दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने एससीओके विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। अपने उद्घाटन भाषण में डा. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं, और इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि संबंधों को तीन परस्पर मूल्यों पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक हित द्वारा निर्देशित होना चाहिए। इसको मतभेद, विवाद या प्रतिस्पर्धा में नहीं बदलना चाहिए। डा. जयशंकर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी चर्चाएं भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी।

## राहुल गांधी का भाजपा-चुनाव आयोग पर सीधा हमला



■ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार में वोट चुराने के लिए मिलीभगत करने का लगाया आरोप
■ कहा : दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर कर रहे हैं काम

**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में वोट चुराने के लिए दोनों मिलीभगत कर रहे हैं।

श्री गांधी वोटर अधिकार यात्रा का नेतृत्व करते हुए तीसरे दिन नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा तथा चुनाव आयोग के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में लाखों लोग जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, अब खुद का नाम गायब पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मतदान का अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं सहित विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार का एक भी वोट चोरी न हो। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले भी चुनावों में चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची के एसआईआर में हेराफेरी के जरिये इसी तरह की कोशिश चल रही है। इस सभा में एक स्थानीय किसान, सुबोध कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।

### ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि ताइवान को लेकर उसके पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। चीन के विदेश मंत्रालय के हवाले से कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह माना कि ताइवान चीन का हिस्सा है। सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि इन मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा गलत है। उन्होंने कहा कि भारत के ताइवान के साथ रिश्ते आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित है। सूत्रों ने कहा कि ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत का ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है। हम इसे जारी रखने का इरादा रखते हैं।

### पैसेंजर का आरोप इंडिगो फ्लाइट में को-पायलट टॉयलेट में जबरदस्ती घुसा

**मुंबई।** मुंबई की एक महिला पैसेंजर ने इंडिगो फ्लाइट में अपने साथ गलत व्यवहार का आरोप लगाया है। सेफगोल्ड (जिटल गोल्ड प्लेटफॉर्म) की को-फाउंडर रिया चटर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर लिखा कि फ्लाइट के दौरान वे टॉयलेट गई थी, इसी दौरान को-पायलट ने टॉयलेट का गेट खोला और उन्हें देखने लगा। रिया ने लिखा कि इस घटना से वह बहुत डर गई और खुद को असुरक्षित व अपमानित महसूस किया। उनका कहना है कि महिला क्रू ने इस मामले को हल्के में लिया और इसे सिर्फ असुविधा बताया। रिया ने कहा कि क्रू ने समझाने की कोशिश की कि को-पायलट ने शायद कुछ नहीं देखा होगा। बाद में मुझसे कहा गया कि वह कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर से कॉकपिट में जाकर मिलें, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई।

### अठावले लंदन में कोहिनूर ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित

**मुंबई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावले को लंदन में एक समारोह में 'भारत का कोहिनूर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। श्री अठावले को यह सम्मान दलितों, वंचितों और बहुजन समाज के सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए उनके पांच दशक लंबे प्रयासों का प्रतिफल है।

# राष्ट्रपति का अदालत से सलाह मांगना गलत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## SC का मत: हम राय बदल सकते हैं, पुराना फैसला नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राष्ट्रपति-गवर्नर के फैसले लेने की डेडलाइन का मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आर्टिकल 143 के तहत कोर्ट से राय मांगना गलत नहीं है।

मुर्मू ने मई में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं या कोई डेडलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति सलाहकारी अधिकारिता (एडवाइजरी ज्यूरिडिक्शन) में बैठी हैं, न कि अपील अधिकारिता (अपीलेट ज्यूरिस्डिक्शन) में। कोर्ट यह राय दे सकता है कि कोई फैसला सही नहीं है, लेकिन इससे पुराना फैसला अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा।

## नाबालिग मुस्लिम जोड़े पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 16 साल की मुस्लिम लड़की के अपने ही धर्म के पुरुष से विवाह को वैध करार देते हुए उन्हें मिल रही धमकियों से सुरक्षा प्रदान की गई थी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2022 के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए एनसीपीसीआर से कहा कि उसे चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने एनसीपीसीआर से सवाल किया कि उसे धमकियों का सामना कर रहे जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए? शीर्ष अदालत ने कहा कि एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। अगर दो नाबालिग बच्चों को उच्च न्यायालय द्वारा संरक्षण दिया जाता है, तो वह ऐसे आदेश को कैसे चुनौती दे सकता है। यह अजीब है कि जिसका काम बच्चों की सुरक्षा करना है।

## रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट में जज रह चुके, एनडीए के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला
■ राहुल गांधी ने सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का ऐलान किया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार, कांग्रेस के के.सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे। बिहार में 1300 किमी की वोटर अधिकार यात्रा कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्री रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मैं श्री बी. सुदर्शन रेड्डी गारू को भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। वह एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता और न्याय के प्रणेता हैं और लोगों के अधिकारों, समानता और हमारे लोकतंत्र की रक्षा की संविधान की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### मोदी की विपक्ष से राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने विपक्षी दलों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में राजग के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की है। श्री मोदी ने यहां संसद भवन के सभागार में राजग सांसदों की बैठक में सभी सांसदों विशेष रूप से विपक्षी दलों से श्री राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की, ताकि उन्हें सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति चुना जाए। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाग लिया। उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के पक्ष में उत्साह देखकर प्रसन्नता हुई।

## वाराणसी में 25 को होगी राहुल गांधी के मामले में सुनवाई

■ अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय को लेकर दिया था बयान

**वाराणसी।** वाराणसी के एमपी/एमएलए कोर्ट में बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय के बारे में दिए गए बयान को लेकर सुनवाई हुई।

कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 25 अगस्त निर्धारित की है। अधिवक्ता विवेक शंकर तिवारी ने बताया कि राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव ने स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसका विरोध करते हुए वादी पक्ष ने तर्क दिया कि धारा 173(4) के तहत विपक्षी को सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर न्यायालय ने कहा कि अगली तारीख, 25 अगस्त को इस मुद्दे पर पुन: बहस होगी।

## कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 1507 करोड़ रुपये का बजट दिया
■ ओडिशा में कटक-भुवनेश्वर 6 लेन रिंग रोड बनेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में 2 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई।

इसमें राजस्थान के कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और ओडिशा में कटक-भुवनेश्वर 6 लेन रिंग रोड शामिल है। वैष्णव ने बताया कि पहला प्रोजेक्ट राजस्थान के कोटा-बूंदी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का है, जिसकी अनुमानित लागत 1507 करोड़ रुपये होगी। दूसरा प्रोजेक्ट ओडिशा में 110.875 किमी लंबी और 6-लेन वाली कटक-भुवनेश्वर कैपिटल रीजन रिंग रोड का है। इसके निर्माण पर करीब 8307.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 6 प्रोजेक्ट्स पहले से ही स्वीकृत हैं और आज 4 नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इसके तहत ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में प्लांट्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे घरेलू चिप उत्पादन, पैकेजिंग और एडवांस्ड मटेरियल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दो हजार लोगों को नौकरी मिलेगी।

## मुंबई में लगातार बारिश से सड़कें डूबी, घर-दुकानों में पानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लोकल ट्रेन सर्विस डाउन, 250 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट, दो दिन में 14 लोगों की हो चुकी मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है।

बीते दो दिन में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 8 नांदेड़ से थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने बताया कि सेना रेस्क्यू में जुटी है। करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मुंबई में करीब 300 एमएम बारिश हुई है। मीठी नदी का जलस्तर घट रहा है। हालांकि अभी भी कई इलाकों में अलर्ट है। सुबह मीठी नदी का जलस्तर 3.9 मीटर बढ़ने के कारण कुर्ला क्रांति नगर एरिया से 350 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। शहर में मंगलवार को भी स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ रही हैं। अंधेरी सब-वे भी पानी भरने से मंगलवार को भी बंद है। कई अंडर ब्रिज में 4 फीट तक पानी भरा है। लोकल ट्रेन सर्विस भी प्रभावित है। हार्बर लाइन का ट्रैक पानी में डूबा हुआ है। कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें लोग रेलवे ट्रैक पर चलते नजर आ रहे हैं।

## भारत 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा

हैदराबाद, वार्ता

■ इसरो चीफ बोले: रॉकेट 75,000 किलो वजन ले जाने में सक्षम, दुनिया के सबसे बड़े रॉकेट्स में शुमार होगा



**इसरो दुनिया** के सबसे बड़े रॉकेट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहा है। इसरो चीफ वी. नारायणन ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित उस्मानिया यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बताया कि स्पेस एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रही है। यह रॉकेट लो अर्थ ऑर्बिट में 75,000 किलो यानी 75 टन वजन ले जाने में सक्षम होगा।

नारायणन ने कहा कि भारत का पहला रॉकेट, जिसे डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने बनाया था, 17 टन का था और वह सिर्फ 35 किलो भार ले जा सकता था। आज इसरो इतनी बड़ी छलांग लगा चुका है। उन्होंने बताया कि इस साल इसरो कई अहम प्रोजेक्ट पूरे करेगा, जिनमें अमेरिका का 6,500 किलो वजनी संचार उपग्रह भारतीय रॉकेट से लॉन्च करना, एन1 रॉकेट, नेविगेशन विद इंडियन कान्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) सैटेलाइट और जीसैट-7आर शामिल हैं। जीसैट-7आर नौसेना के लिए खास सैन्य उपग्रह होगा, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) को बदलेगा। नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर भारत जल्द 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों की टीम तैयार करेगा, जो भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करेंगे। समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें मानद डॉक्टरेट ऑफ साइंस की उपाधि दी। नारायणन ने शुभांशु शुक्ला की हाल की अंतरिक्ष यात्रा का भी जिक्र किया। शुक्ला 20 दिन के मिशन के बाद सुरक्षित लौटे हैं। यह अनुभव स्पेस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। नारायणन ने बताया कि इस स्पेस मिशन के लॉन्च से पहले एक लीकेज पकड़ा गया था, नहीं तो मिशन असफल हो सकता था। नारायणन ने कहा कि आज भारत दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष ताकतों में शामिल है। अब तक 4,000 से ज्यादा रॉकेट लॉन्च किए जा चुके हैं। 1975 में आर्यभट्ट से शुरुआत हुई थी और अब 133 से ज्यादा सैटेलाइट्स भेजे जा चुके हैं, जिनमें 6,000 किलो वजनी जीसैट-11 भी शामिल है। नारायणन ने बताया कि भारत पहला देश है जिसने मंगल ग्रह पर पहली कोशिश में पहुंचने में सफलता पाई।

# प्राकृतिक खेती के क्लस्टरों की निगरानी होगी सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कृषि मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब प्राकृतिक खेती मिशन की प्रगति पर सख्त निगरानी करेगी। मंगलवार को विधानभवन में हुई समीक्षा बैठक में ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्लस्टरों का नियमित निरीक्षण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि प्राख्रतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण सुनिश्चित करती है, बल्कि जैविक उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत भी दिलाती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण और संसाधन केंद्रों का लाभ उठाकर अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाएं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों और 318 विकासखंडों में 1886 क्लस्टर गठित किए जा चुके हैं। अब तक 2.20 लाख किसान प्रशिक्षित किए गए हैं, 3772 कृषि सखी/सीआरपी तैयार किए गए हैं और 82 हजार से अधिक मृदा नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा 38 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थानों के जरिए 38 मॉडल फार्म विकसित किए गए हैं। प्राकृतिक खेती मिशन की समीक्षा के बाद कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की निर्माण परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें टीश्यू कल्चर लैब, ऑर्गेनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की गई।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय केवल इमारतें खड़ी करने तक सीमित न रहें, बल्कि रिसर्च आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय को अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा, जिसमें किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली शोध दिशा तय हो। राज्य मंत्री औलख ने भी कुलपतियों और अधिकारियों से कहा कि शोध योजनाएं व्यवहारिक हों और उनके परिणाम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा लागत घटाने में मददगार साबित हों। बैठक में प्रमुख सचिव ख्रषि रविंद्र, सचिव इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शीबू, निदेशक ख्रषि पंकज त्रिपाठी समेत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**सीतापुर।** मंगलवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सीता. पुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर आक्रोशित हो गए। कचहरी परिसर में एकत्र होकर उन्होंने जिलाधिक. ारी कार्यालय तक पैदल मार्च निक. ाला और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार घंटों की बिजली कटौती से आम जनता ही नहीं, अधिवक्ता वर्ग भी त्रस्त है। कचहरी में पेशियों के दौरान फाइलों का कार्य भीषण गर्मी में जनरेटर पर निर्भर होकर करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हबिजली विभाग मुर्दाबाद, 'बिजली कटौती बंद करो', 'जनता की समस्या का समाधान करो' जैस ेनारे लगाए।

# लखनऊ में अग्निसचेतक प्रशिक्षण की शुरुआत

## 90 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से प्रदेश में एक नई पहल की शुरुआत हुई है, जिसके तहत नब्बे हजार से अधिक चयनित युवाओं को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिद. ेशक पद्मजा चौहान के निर्देशन में शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आग बुझाने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना है।

राज्य सरकार ने इसे एक बड़े अभियान का हिस्सा बनाया है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को फायर सेफ्टी अधिकारी या अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में तैयार कर रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य है। युवाओं को एक से चार सप्ताह तक का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें शॉपिंग मॉल, अस्पताल, विद्यालय, ऊंची इमारतों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बना रही है, जहां निजी भवनों में भी प्रशिक्षित अग्निशामक कर्मियों की नियुक्ति कानूनी रूप से सुनिश्चित की जा रही है। अत्यधिक व्यावसायिक संस्थानों, बहुमंजिला इमारतों और शहरीकरण की तीव्र रफ्तार को देखते हुए इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित मानवबल तैयार हो। इस अभियान से जहां युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं नागरिक जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी उठेगा। इस प्रकार यह प्रशिक्षण केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और व्यापारिक तंत्र को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने वाला प्रयास है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले की लहरपुर तहसील क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं।

तंबौर इलाके में शारदा नदी का घाघरा नदी में विलय होता है, जिसके बाद घाघरा नदी आगे बढ़ते हुए लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के सैकड़ों गांवों को प्रभावित करती है। इस समय दोनों नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर कटान भी कर रही हैं।

मंगलवार को शारदा बैराज से एक लाख बहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज और कैलाशपुरी बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया। कुल मिलाकर तीन लाख सत्ताईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। यह पानी जब जिले में पहुंचेगा तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत और बढ़ाएगा।



# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा और रक्तदान शिविर

## सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर कांग्रेस का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की इक्यासीवीं जयंती (सद्भावना दिवस) पर राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है।

इस अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा और नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. जियाराम वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाले इस शिविर में बीस से पच्चीस विशेषज्ञ चिकित्सक गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और बच्चों को निरूशुल्क परामर्श देंगे और दवाइयां भी उपलब्ध कराएंगे। इसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी सभी प)तियों की दवाएं दी जाएंगी। साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग भी देंगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आजाद बेग ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर लखनऊ से शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से मंत्री और विधायक तक जान गंवा बैठे थे, जबकि असंख्य आम नागरिकों की मौतें चिकित्सा अव्यवस्थाओं के कारण हुईं। हाल ही में बिजनौर जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर में डीजल न होने से एक मरीज की मौत इसका ताजा उदाहरण है। डॉ. बेग ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खोखले वादों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ दूर.दराज गांवों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।

साथ ही चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन और प्रशिक्षण की मांग उठाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और कांग्रेस का चिकित्सा प्रकोष्ठ सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार से संवाद के साथ.साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में जागरूकता के लिए चिकित्सा शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों को भी लगातार चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली निवासी अनुराग उर्फ वर्दी उर्फ अनुज पुत्र भगवानदीन को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। वर्ष 2020 में दर्ज इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 14 में हुई। सबूत और गवाहों को परखने तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# अतीक अहमद के करीबी का अवैध कब्जा ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में सोमवार को देर शाम जिला प्रशासन ने भू.माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। जांच की गई तो यह जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज मिली। जिस पर अतीक अहमद का करीबी और उसके साथियों ने बाउंड्री वाल बना कर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा ध्वस्त कर जमीन को मुक्त करा लिया। सूत्रों के मुताबिक, करेंधा गांव में कुल 17 बीघा सरक. ारी भूमि थी जिस पर माफिया अतीक अहमद के करीबियों ने कब्जे में ले रखा था।

इसी क्रम में कल देर शाम अवैध कब्जा हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया गया। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अभिषेक सिंह ने तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। दस्तावेज़ों की जांच और मौके पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि भू. माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में चल रहे भू.माफिया मुक्त अभियान का हिस्सा है और आगे भी इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बस परिचालक की गुंडई, मान्यता प्राप्त पत्रकार का अपमान, प्रेस की गरिमा पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन निगम बस परिचालक की दबंगई ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा के साथ परिचालक ने न केवल अभद्रता की बल्कि सूचना विभाग द्वारा जारी वैध प्रेस मान्यता पत्र को ठुकराते हुए सार्वजनिक रूप से पत्रकार को अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूद्रपीद्द 34 टी 9163 का है। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा आवश्यक कार्य से लखनऊ आ रहे थे। परिचालक ने उनके मान्यता पत्र को मानने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धक्का देकर बस से उतारने का प्रयास किया। अपनी इज्जत बचाते हुए पत्रकार को सड़सठ रुपए का टिकट खरीदकर यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह व्यवहार न केवल व्यक्तिगत सम्मान का अपमान था बल्कि सूचना विभाग की मान्यता प्रणाली की धज्जियां उड़ाने जैसा था। पत्रकार ने इस आचरण को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (जानबूझकर अपमान), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 352 (मारपीट व आपराधिक बल प्रयोग) के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताया है। उन्होंने निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को विधिक नोटिस भेजते हुए संबंधित परिचालक के विरु) कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा न्यायालय, प्रेस परिषद, प्रेस क्लब और मीडिया मंचों तक उठाया जाएगा। इस प्रकरण की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ, जिलाधिक. ारी सीतापुर, जिला सूचना अधिक. ारी तथा परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भी भेजी गई है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेश टरार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह नौकरशाही की निरंकुशता का उदाहरण है। सरकारी कर्मचारियों का अहंकार इस स्तर तक बढ़ गया है कि वे न तो जनप्रतिनिधियों की परवाह करते हैं।

# आधुनिक तकनीक से गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार समाज कल्याण योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रही है।

समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी पहरे में लाने की तैयारी में है। इस पहल से गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में ष्समाज कल्याण की योजनाओं में एआई का उपयोगष विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग का मानना है कि एआई. आधारित निगरानी तंत्र से डाटा सत्यापन और लाभार्थियों की पहचान सटीक रूप से की जा सकेगी। इससे फर्जी आवेदनों पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्रों को बिना देरी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

सरकार पहले ही छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं को ऑनलाइन निगरानी से जोड़ चुकी है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को अब बार.बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, क्योंकि वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू कर दी गई है। एआई तकनीक इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगी। डेटा विश्लेषण और स्वत: सत्यापन प्रणाली के जरिए फर्जी आवेदन तुरंत चिन्हित होंगे और लाभ पात्रों तक निर्बाध पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाएं पेपरलेस होंगी और कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होने से योजनाओं के संचालन में न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# प्रोफेसर निशीथ राय के निधन पर अखिलेश ने जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉ. निशीथ राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रोफेसर निशीथ राय और उनका परिवार सदैव समाजवादी विच. ारधारा से जुड़ा रहा है।

उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ ही समाजवादी परिवार को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।



# लम्पी रोग से गोवंश की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लम्पी रोग के संक्रमण से गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने सघन अभियान शुरू कर दिया है।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिका. रियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश की सभी गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्थिति में गोवंश की हानि न होने पाए। मंत्री ने कहा कि एफएमडी और एलएसडी से पशुधन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त टीकाकरण कराया जाए तथा जिन जिलों में लम्पी संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, वहां दस किलोमीटर चौड़ी बेल्ट बनाकर वैक्सीनेशन कार्य अभियान के रूप में चलाया जाए। महराजग. ंज, सोनभद्र, कुशीनगर, भदोही, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों की सीमाओं को सील करके गोवंश के आवागमन पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया है। पशुपालन निद. ेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम के टोल फी नंबर 1800.1805.141 पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण और उपचार कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपदों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सैनेटाइजेशन तथा चारा, भूसा, पानी और औषधि की व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रभावित जिलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार निगरानी की जा रही है।

# राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों तथा जुलाई 2025 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त न करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिक. ारी ने विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरसी वसूली में सुधार पर जोर दिया। लंबित वादों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने और उसे निस्तारण की सूचना देने की अनिवार्यता बताई। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को बर्ड फ्लू नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैंपलिंग कराने और अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के आदेश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहस. ीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# अयोध्या में उर्वरक की किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए अयोध्या के किसान परेशान है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अमला भी किसानों के सामायिक दर्द को नहीं कम कर पा रहा है।

आज सुबह से ही मिल्कीपुर तहसील के कुरावन सहकारी समिति पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पंक्तिब( खड़े हो, धीरे धीरे समय बीतने लगा, किसान अपना विरोध दर्ज कराने लगे, खाद वितरण में सहकारी समिति के कर्मचारियों के सहयोग के लिए तैनात खंडासा पुलिस ने लाठी लेकर किसानों को दौड़ा लिया और विरोध दर्ज कराने पर लाठियां भांजनी शुरू कर दिए जिससे कई किसान जमीन पर गिर पड़े।

बिना खाद लिए किसानों को वापस लौटना पड़ा, सहकारी समिति कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगा कि वे अपने चहेतों को यूरिया चुपके चुपके दे रहे हैं। धान की रोपाई के बाद इस समय किसानों को फसल में डालने के यूरिया खाद चाहिए जो समय से नहीं मिल पा रही है।

काफी दौड़ धूप के बाद सोर्स सिफारिश लगा कर एकाध बोरी खाद मिल भी जा रही है, उससे कुछ होने वाला नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सैनिकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने अयोध्या पहुंचे तो भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अरलवद सिंह ने यूरिया खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।

मंत्री ने आश्वासन भी दिया लेकिन खाद की अनुपलब्धता यथावत है। तहसील सदर के कादीपुर निवासी किसान राम प्रीति वर्मा बताते हैं कि यूरिया खाद की किल्लत पिछले वर्षों में नहीं हुई, पता नहीं इस बार कैसे नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की बहुत जरूरत है।

समय से खेतों में यूरिया खाद नहीं पड़ी तो फसल का उत्पादन कम हो जाएगा।

## वाराणसी में मां कूष्मांडा का श्रृंगार महोत्सव कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में माता कूष्मांडा देवी का सप्त दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस आयोजन में संगीत के क्षेत्र के कई दिग्गज कलाकार अलग.अलग दिनों में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक पं. विश्वजीत दुबे ने बताया कि तीन दिन शास्त्रीय संगीत और तीन दिन लोक संगीत के आयोजन होंगे। अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा का गायन, प्रो. राजेश साह का सितार वादन, देवाशीष डे का गायन और कमला शंकर का गिटार वादन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और यूके की एफसीडीओ (द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। हाल ही में सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू किए जाने को लेकर प्रस्ताव पास किया था। जिसके क्रम में आज यह एमओयू किया गया है। यह योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से आरंभ होगी और प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगी।

### रेलवे में तय मानक से ज्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त 'लगेज नियम' लागू करने जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा।

# लावा बनकर फूटा 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किए जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी, लेकिन सुनवाई नहभ हो सकी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर किसान बेहाल: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है, जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आई है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहभ मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं, उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

# कानून का लंबा अनुभव है सदुर्शन को

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे

इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी का संबंध तेलंगाना के एक किसान परिवार से है और वह कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे।

रेड्डी का जन्म आठ जुलाई 1946 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के रंगारेड्डी जिले में हुआ। उस्मानिया विश्व. विद्यालय में विधि के छात्र रहे रेड्डी ने 27 दिसंबर, 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में अपना पंजीकरण कराया। उन्होंने हैदराबाद में बने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों की प्रैक्टिस की। रेड्डी ने 1988-90 के दौरान उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में भी काम किया। उन्होंने सन 1990 में छह महीने के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थाई अधिवक्ता के रूप में भी काम किया। वह उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थाई वकील भी रहे। उन्हें दो मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह पांच दिसंबर 2005 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2007 से 2011 तक उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवायें दी और आठ जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और मतदान नौ सितंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन कराई जाएगी।

## लखनऊ में साइबर विशेषज्ञों ने सेमिनार में मंथन किया

# साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गतिविधियों व क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आने वाले समय में साइबर अपराधों को रो. कने में मददगार साबित होगा।

उप्र इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गति. विधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गई। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं। सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं।

## न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका अहम: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका बहुत अहम होती है। यह भूमिका तब और बढ़ जाती है, जब डिजिटल साक्ष्य के आलावा कोई विटनेस नहभ होता है। यूपीएसआईएफएस के डिजिटल साक्ष्य का न्यायिक मामलों में महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सेवानिवृत्त जस्टिस तलवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी कसाब के मामले में इंटरनेट ट्रांस्क्रिप्ट्स का उपयोग दोषसिद्धि में काफी महत्वपूर्ण था। वर्तमान डिजिटल साक्ष्य न केवल न्यायिक मामलों में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में न्यायपालिका को तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया जा रहा है और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देने के लिए प्रदेश में आवश्यक ढांचा तैयार किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का विस्तार किया।

# तमिलनाडु सरकार खर्च नहीं कर रही पीएम आवास योजना की राशि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गरीबों के साथ धोखा है।

चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र से 608 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद तमिलनाडु सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आवास नहीं मिलने से गरीब लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में आवंटन के बावजूद दो लाख 15 हज़ार घरों का निर्माण नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने 2024 में उचित घरों की ज़रूरत वाले लोगों की पहचान के लिए आवश्यक सर्वेक्षण नहीं कराया। आंध्र प्रदेश से तेलुगू देशम पार्टी सांसद लवू कृष्ण देवरायलु द्वारा तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु में गरीब लोगों के लिए घर बनाने के लिए बजट आवंटित किया है। यह अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से भी ज्यादा समय से दो लाख 15 हज़ार से ज्यादा लोगों को घर नहीं दिए गए हैं।



**सेंसेक्स** 80597.66
**निफ्टी** 24631.30



**सोना रु.** 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी

**मुंबई, वार्ता**



नए सुधारों की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचक. ांक करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 370.64 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त में 81,644.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 14 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। लाल किले से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई पीढ़ी के सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद आज सुबह से ही प्रमुख सूचक. ांकों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में गिरावट के दबाव में मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली रही, लेकिन बाद में यूरोपीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद निवेशकों ने उन पर विश्वास दिखाया। सेंसेक्स 45.36 अंक की बढ़त में 81,319.11 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिन का निचला स्तर 81,315.44 अंक और उच्चतम स्तर 81,755.88 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में 19 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जबकि शेष 11 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 3.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.82 और इटरनल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, इंफोसिस, एसबीआई में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेकनोलॉजी, बीईएल और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही। निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.40 अंक मजबूत होकर 24,891. 35 अंक पर खुला। यह नीचे 24,873. 95 अंक और ऊपर 25,012.65 अंक तक गया, हालांकि 25 हजार से ऊपर टिक नहभ सका। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास बनने से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.01 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.70 फीसदी की तेजी रही।

## सोना 455 गिरकर 99,168 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.14 लाख किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 455 रुपए गिरकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए वहीं चांदी की कीमत आज 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत दिल्ली 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 सोना इस साल अब तक 23,006 महंगा हुआ।

# एयर इंडिया का हरित विमान ईंधन के लिए इंडियन ऑयल से करार

**नई दिल्ली, वार्ता**

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने हरित विमान ईंधन (एसएएफ) की आपूर्ति के लिए मंगलवार को देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एयरलाइंस ने इसे ष्भारतीय विमानन के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू के तहत एयर इंडिया और आईओसीएल ने विमानन क्षेत्र में कम कार्बन वाले ईंधन को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने और अधिक टिकाऊ हवाई परिवहन संचालन की दिशा में योगदान देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। वर्ष 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में एयर इंडिया परिचालन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन और अब एसएएफ में सक्रिय रूप से पहल कर रही है। यह करार कंपनी के हरित विमानन पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (विमानन) शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख (जीआरसी एवं कॉर्पोरेट मामले) पी. बाला. जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साहनी ने कहा कि एयर इंडिया के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हरित विमानन की ओर देश के संक्रमण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।




# हंगामे के बीच ही पारित कराया गया आईआईएम विधेयक

■ लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने तीन बार के स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक पारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल करके कार्यवाही बाधित न करें, अपने-अपने स्थानों पर जायें। उनकी अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा और वे नारे लगाते हुए शोरगुल करते रहे। इस पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही चलने देना नहीं चाहते और उन्होंने कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए सदन के बीच. ोंबीच आ गए, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही सदन को चलाने का प्रयास किया।

उन्होंने 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर सोमवार को शुरू हुई विशेष चर्चा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे का नाम लिया। दुबे ने हंगामे के बीच चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि उसने कभी वैज्ञानिकों का सम्मान नहभ किया, इसलिए कांग्रेस चर्चा से भाग रही है और इस विषय पर चर्चा नहीं चाहती है। पीठासीन अधिकारी ने दुबे से चर्चा रोकने का आग्रह किया और हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी उनकी नहीं सुनी, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी।










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क किनारे मिला दूध कारोबारी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सड़क पर मिले दूध कारोबारी के शव के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी दूध कारोबारी 22 वर्षीय सौरभ पुत्र रामवीर सोमवार दोपहर बाइक लेकर घर से किसी काम से गजरौला आया था। इसके बाद जब शाम तक भी सौरभ घर नहीं पहुंचा तो उसके ताऊ ने उसे फोन किया। उसने गजरौला से वापस घर लौटने की बात कही। बावजूद इसके काफी देर बाद तक भी



### परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

सौरभ घर नहीं पहुंचा। परेशान परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी सौरभ घायलावस्था में अटारी मुरीदपुर मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिला, परिजन उसके जीवित होने की आस में मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए गये मगर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां के बाद परिजन सीएचसी आए, यहां पर डॉक्टर ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने सौरभ की हत्या करने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मंगलवार शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजन व अन्य ग्रामीण सौरभ का शव ट्रैक्टर-ट्राली में रखकर थाने ले आए। उन्होंने कहा कि सौरभ की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और तहरीर देने की बात कही और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया।



गजरौला। थाने में पुलिस से बातचीत करते सौरभ के परिजन व ग्रामीण।

# सीमा विस्तार के खिलाफ ग्रामीणों ने भरी हुंकार

## विस्तार हुआ तो रुक जाएंगे विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ग्रामीणों ने नगर पालिका सीमा विस्तार के खिलाफ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर सीमा विस्तार प्रस्ताव को निरस्त किये जाने की मांग की है। नगर पालिका द्वारा जो सीमा विस्तार प्रस्ताव शासन को भेजा गया था उन में गांव फूलपुर बीझलपुर का नाम भी है। मंगलवार को दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर कहा है कि उनके गांव फूलपुर बीझलपुर की दूरी तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा कि उनके गांव को नगर पालिका परिषद की सीमा के भीतर जोड़ा जा रहा है। इसके वह बिल्कुल खिलाफ है। वह लोग गांव का प्रधान बनाते हैं और जो भी काम होता है वह उनके ही पास जाते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि नगर पालिका में उनका गांव यदि शामिल हो गया तो विकास कार्य रुक जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा मनमानी तरीके से सीमा विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उसको तत्काल निरस्त किया जाये। ज्ञापन पर मनोज कुमार, राम भरोसे, सतपाल, महेंद्र सिंह, मुकेश, चंद्रसेन, बाला देवी, दीपचंद, बंटी, सोमपाल, मोहित कुमार, प्रीतम सिंह, योगेंद्र, महिपाल, राजपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में हस्ताक्षर थे।

# राधा-कृष्ण को लगाया 56 भोग का प्रसाद

## शिवाला मन्दिर में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सोमवार की देर रात्रि नगर के श्री झारखंड शिवाला मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत श्री राम सेवा समिति द्वारा छप्पन भोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस में भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की पूजा हवन एवं छप्पन भोग एक कुंटल 25 किलो मिठाई व मेवा का लगाया गया। इससे पहले भगवान श्री कृष्ण के जयकारा लगाते हुए उनकी आरती की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर,विजय पारछा,मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल,दीपू उर्फ सौरव गुप्ता,प्रशांत शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल,राजीव अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव चौहान, राहुल शर्मा, हर्ष भटनागर, जय अग्रवाल,निखिल कश्यप, मनु अग्रवाल,काव्य चंद्र, सचिन चंद्र, अंजू भटनागर,पूनम अग्रवाल, बबीता सैनी,अंचल अग्रवाल, मोहनी अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, सिद्धि भटनागर, सुनीता शर्मा, दीक्षा अग्रवाल, बबीता शर्मा,सुमित अग्रवाल,राजीव गुप्ता सचिन गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे।

## युवक पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दूध कारोबारी सौरभ पुत्र रामवीर सिंह के हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के ताऊ कावेंद्र पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी गांव हाफिजपुर थाना रजबपुर की तहरीर पर गांव निवासी युवक अनित पुत्र सोमपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अनित पर आरोप है कि उसने सौरभ को मोटरसाइकिल से गिरा कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पहले भी वह कई बार सौरभ से झगड़ा कर चुका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है

# 75 वर्षों में नहीं सुधरे किसानों के हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठकें क्षेत्र के कुमराला, खेड़की खादर, गढ़ी फरीदपुर,जमानाबाद,जोगीपुरा,आदि गांवो में हुई। इस मौके पर पाश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ.

### कई गांवों में हुई राकिमसं की चौपालें

उपेन्द्र सिंह ने कहा 75 वर्षों से किसान सभी पार्टियों की सरकारें देखता आ रहा है। इन 75 वर्षों में किसानों की फसलों के दाम मात्र 19 गुना बढ़े है, जबकि सरकारी कर्मचारी अधिकारी व राजनेताओं के वेतन 250 से 300 गुना तक बढ़े हैं, देश को सोने की चिड़ीया



बनाने वाला किसान धरातल पर पहुंच गया हैं। राजनैतिक पार्टियां किसानों की बात करने के बजाय पूंजीपति व उद्योगपतियों की पैरोकार बन चुकी है। उन्होंने 31 अगस्त को शिव इन्टर कॉलेज में होने वाली किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष लकी गौसल, अंकित चौधरी, लाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, जसवीर सिंह, सदन सिंह, चमन सिंह, प्रशान्त सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्योनाथ सिंह स्वर्ण जयंती नागरी सम्मान से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नागरी लिपि परिषद की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 18 अगस्त को दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक विजेता सेवा. निवृत्त शिक्षक श्योनाथ सिंह प्रजापति को 'स्वर्ण जयंती नागरी सम्मान' से विभूषित किया गया। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित, ख्यातिप्राप्त साहित्याकार व विद्वजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिंदी की नागरी लिपि के संवर्धन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हरिसिंह पाल, आचार्य ओमप्रकाश, रामचन्द्र राही, किरण हजारिका, गोपाल मघेल, बाबा कानपुरी,अरुण कुमार पासवान, श्रवण कुमार, डा0मानव, रमा शर्मा, राजवीर सिंह आदि समेत अनेकों साहित्यकार व विद्वजन उपस्थित रहे। सम्मान के क्रम में श्योनाथ सिंह प्रजापति को किरण हजारिका व शशि त्यागी ने अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व नागरी संगम पुस्तक भेंट करते हुए सम्मानित किया।

# श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव में झूमे भक्त

## महिलाओं ने भजनों से बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राम जानकी भक्त मंडल के संयोजन में रविवार को प्राचीन राम जानकी मंदिर कंचन बाजार (बालाजी धाम) पर भगवान श्रीकृष्ण का छठी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर भक्ति, उल्लास और उत्साह से सराबोर हो उठा।

सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था। भगवान श्रीकृष्ण की छठी परंपरागत विधि-विधान से संपन्न हुई। सबसे पहले मंगल गीतों की गूंज ने वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। इसके बाद भगवान को विविध व्यंजनों का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं को समर्पित किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक स्वर लहरियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। लाला की सुनकर मैं आई यशोदा मैया दे दे बधाई, सांवला सलोना मेरा कृष्णा जैसे मधुर भजनों ने ऐसा माहौल बनाया कि श्रद्धालु अपने आप को थिरकने से रोक न सके। भजनों की प्रस्तुति पर महिलाएं और बच्चे झूम उठे। भजन संध्या के उपरांत मंदिर में श्रीकृष्ण



आरती की गई। इस दौरान पूरा वातावरण जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सोनिया अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, कुसुमलता गोयल, नवीन दीक्षित, मीनू शर्मा, मीना आर्य, रजनी शर्मा, हेमलता अग्रवाल, रीना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

# सफाई कर्मियों ने अवैध खनन से भरी ट्राली घेरी

## दोनों तरफ से हुई तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अवैध रूप से किये गये खनन की मिट्टी सड़क पर गिरने के कारण हो रही गंदगी को लेकर सफाई कर्मचारियों ने ट्रैक्टर चालक को घेर कर हंगामा करना शुरू कर दिया। काफी देर तक सफाई कर्मियों व नागरिकों की खनन करने वालों से नोकझोंक होती रही।

हसनपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से जमीन का पेट चीर मिट्टी निकालकर खनन किया जा रहा है। खनन माफियाओं ने हसनपुर की सड़कों को भी काफी जर्जर हालत में लाकर खड़ा कर दिया है। मिट्टी उछल कर सड़क पर गिर जाती है। कुछ देर में वह धूल बनकर लोगों के घरों में घुस जाती है। जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मिट्टी लादने के बाद ट्रैक्टर ट्राली में भारी वजन हो जाता है जिससे सड़के भी टूट रही है। खादर क्षेत्र के गांव का माफिया बिना खौफ अवैध रूप से खनन कर रहा है। मंगलवार को कोतवाली के पीछे निकल रही सड़क पर जब मिट्टी गिरी तो सफाई कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्राली चालक को रोक लिया। नगर के बाशिंदे भी वहां आ गये। कुछ ही देर में सफाई कर्मचारियों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली चालक से नोकझोंक होने लगी। खनन अधिकारी एवं एसडीएम को शिकायत करने के लिए फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। अवैध रूप से खनन की मिट्टी जब सड़क पर गिरती है तो वह धूल बनकर उड़ती है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है।

# गंभीर अपराधों में दिलाए कड़ी सजा

## महिला व बाल अपराधों को गंभीरता से लें: जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि गंभीर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाये। महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों को गंभीरता से लें।


कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अभियोजन कार्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम ने कोर्ट बार कितनों को सजा मिली तथा कितनों को दोष मुक्त किया गया जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गंभीरता अपराधों में लिप्त अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। महिलाओं और बच्चों पर होने वाले अपराधों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने शासकीय अभियोजन अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को निर्देश दिये कि वह गवाहों की शत प्रतिशत गवाई कोर्ट में कराये। डीएम ने निर्देश दिये कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों पर शासन की मंशा के अनुरूप कार्रवाई करें। उन्होंने दोष मुक्त ज्यादा होने पर तथा दोषी कम पाये जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि दोष मुक्त वाद व दंडित वादों को पचास प्रतिशत से कम करें। इस मौके पर एएसपी एके भदौरिया समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# आईसीसी केन्द्र की टूटी छत देख चढ़ा पारा

## जुझैला चक में अमृत सरोवर का निर्माण विवादों में

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जूझैला चक में आवंटित अमृत सरोवर तालाब इन दिनों विवादों में है। मत्स्य पालन के लिए पट्टे पर दिया गया यह तालाब अब जांच और कार्रवाई के घेरे में आ गया है। आरोप है कि पट्टा धारक ने तालाब का स्वरूप बदल दिया है और मौके पर कुछ भूमि पर पक्का निर्माण भी करा लिया।

बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने बताया पट्टा धारक ने गांव के कुछ लोगों की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की थी। शिकायत में पानी की निकासी की समस्या उठाई गई थी। सीडीओ ने इस पर खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार को जांच के आदेश दिए। लेकिन जब बीडीओ मौके पर पहुंचे तो मामला उल्टा पड़ गया। जांच में सामने आया कि खुद शिकायतकर्ता ही तालाब का पट्टा



धारक है और उसने ही नियमों के खिलाफ तालाब का स्वरूप बदल दिया है मुख्य द्वार भी ध्वस्त कर दिया गया। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने बताया कि अमृत सरोवर का पट्टा केवल मत्स्य पालन के लिए होता है। तालाब में कोई पक्का निर्माण या स्वरूप में बदलाव करना नियम विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पट्टा धारक ने न सिर्फ तालाब का स्वरूप बदल दिया बल्कि कब्जे के प्रयास की भी आशंका है। इस मामले में पट्टा धारक को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी और अवैध निर्माण व स्वरूप परिवर्तन को लेकर रिकवरी की प्रक्रिया शुरू होगी।

उधर, अमृत सरोवर के सामने बने आईसीसी केंद्र की लापरवाही भी उजागर हुई है। बीते दिनों आई आंधी-बारिश में केंद्र की छत का टिनशेड ध्वस्त हो गया था, लेकिन कई दिनों बीत जाने के बावजूद इसे दुरुस्त नहीं कराया गया। इतना ही नहीं, केंद्र का संचालन भी पूरी तरह ठप पड़ा है। इस लापरवाही पर पंचायत सचिव आंचल कुमारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्राचार किया जा रहा है। इस पूरे मामले ने ग्रामीणों में खासी चर्चा छेड़ दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अमृत सरोवर जैसी महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य पानी का संरक्षण और मत्स्य पालन को बढ़ावा देना था, लेकिन नियमों की अनदेखी और जिम्मेदारों की लापरवाही ने योजना की सार्थकता पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

## गाली गलौच का विरोध करने पर ग्रामीण पर जानलेवा हमला

**पूरनपुर।** गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने ग्रामीण के सिर पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। लहुलुहान अवस्था में वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। शोर मचाने पर आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला रजागंज देहात निवासी नाजिम ने बताया 14 अगस्त रात 8–30 बजे पिता रहीसुद्दीन मां बहीदन और भाभी घर पर थे। तभी पड़ोस का रहने वाला मुन्ना उर्फ अहमद और इस्तेखार अहमद अपने पिता बहार अहमद के साथ हाथों में बांका व डंडे लेकर घर में घुस आए। इसके बाद पिता से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर आमदा हो गए। इफ्तेखार ने रहीसुद्दीन के सिर पर बांका से हमला कर दिया। इससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए। घटना को लेकर काफी लोग पहुंच गए। शोर

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा मोहम्मद असद गलत संगत में पड़ गया है। मेरे व परिवार के समझाने पर भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे हम कानूनी व शरई तौर पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मोहम्मद इब्राहीम पुत्र स्व. अब्दुल सलाम
निवासी मोहल्ला हसनैन गली नम्बर 8
नईबस्ती थाना नौगांवा सादात जिला अमरोहा

## बंगाली समुदाय के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बंगाली समुदाय के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, अधिकतर शिकायतें भूमि एवं मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने के सम्बन्ध में थी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी गांव में फैमिली ट्री में नाम दर्ज करने हेतु जाएं तो उन्हें पूरा सहयोग दिया जाये।

## महिला का प्रसव कराने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के अस्पताल में महिला का प्रसव होते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर के मोहल्ले में स्थित एक अस्पताल में एक महिला का प्रसव किया जा रहा है। जिसमें कोई प्रशिक्षित डॉक्टर या नर्स मौजूद नहीं है। वीडियो में अस्पताल की कार्यशैली और लापरवाही साफ नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि ऑपरेशन को कोई प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं कर रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ है। नगर व देहात क्षेत्र में आये दिन प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का प्रसव किये जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## एलएच शुगर फैक्ट्री के प्रधान प्रबंधक गन्ना संजीव वित्तीय अनियमितताओं में हटाए गए

**पीलीभीत।** ललित हरी शुगर फैक्ट्री में करोड़ों रूपए की वित्तीय अनियमितताओं में अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह के बाद प्रधान प्रबन्धक गन्ना संजीव राठी को भी हटा दिया गया। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार चीनी मिल में हुई पूरी घपलेबाजी के मास्टर माइंड संजीव राठी ही थे। संजीव राठी जोगिन्दर सिंह के रिश्तेदार थे। और दोनों ही अपनी पूर्व तैनाती के दौरान विवादों में रहे हैं। बताते हैं कि फैक्ट्री में इन लोगों ने गन्ना किसानों को चीनी मिल की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी, खाद्य और कीटनाशकों के वितरण, गन्ना परिवहन फर्जी गणना सट्टों और फर्जी गन्ना आपूर्ति, तथा विभिन्न ठेकों आदि में प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए की गड़बड़ी तथा बंदरबांट की।

## ट्रेन से गिरकर महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मुरादाबाद निवासी जुलेखा(40) मंगलवार को ट्रेन में सवार होकर दिल्ली की दिशा में जा रही थी। गजरौला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो पर वह चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर घायल हो गई। सूचना पर दौड़ी जीआरपी व आरपीएफ टीम ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने बताया कि महिला रनथ्र ट्रेन से गिरी है।

## युवती फरार, पिता-पुत्र पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** युवती को एक व्यक्ति अपहरण कर ले गया। पिता की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। युवती अपने साथ नकदी व जेवर भी ले गयी। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां का रहने वाला एक व्यक्ति कोतवाली पहुंचा तथा आरोप लगाया कि 15 अगस्त के दिन गांव का रहने वाला एक व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। बेटा जेवर व नकदी भी अपने साथ ले गयी है। पीड़ित जब इसकी शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचा तो उसके पिता ने धमकी दी। पिता की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फायरिंग करने में दो पर मुकदमा

**हसनपुर।** मारपीट करने के बाद फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी रवि सैनी पुत्र चरन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि वह 17 अगस्त की रात को बाइक से अपने दोस्त कावेन्द्र पुत्र कलुवा के साथ घर को लौट रहे थे। जब वह गांव की चौपाल के समीप पहुंचे तो पीछे से दो युवकों ने आकर उन्हें रोक लिया। पुरानी रंजिश के चलते दोनों ने उनके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। वहां से वह अपनी जान बचाकर मोटरसाइकिल से भाग निकले। लेकिन पीछे से दोनों आरोपी वहां आ गये तथा जान से मारने की नीयत से तमंचों से उन पर फायर कर दिया। पुलिस ने प्रदीप सैनी पुत्र श्री राम अमन पुत्र इलम सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिजली निजीकरण का फैसला रद्द करे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली के निजीकरण करने पर उतारू है लेकिन किसान सरकार के इस निर्णय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन हसनपुर एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, धनौरा एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ धनौरा अंजलि कटारिया को सौंपा गया।

मंगलवार को नगर के भानपुर स्थित फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित पंचायत में नरेश चौधरी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार अडानी व टाटा समूह के हाथों में बिजली को सौंपने की तैयारी कर रही है, ऐसे में किसानों की मांग है कि ऊर्जा मंत्री निजीकरण के मसौदे को निरस्त कर बिजली विभाग को सार्वजनिक क्षेत्र में यथावत रखने की पहल करें। बाबा साहेब डॉ0आंबेडकर ने भी वर्ष 1934 में कहा था कि बिजली जैसी आवश्यक सेवाएं सरकारी क्षेत्र में ही रहनी चाहियें, क्योंकि किसान की समृद्धि व समग्र ग्रामीण विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि हर घर से ग्रामीण युवाओं को सरकारी नौकरी



सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध रोजगार के आंकड़े सरकार को सार्वजनिक करने चाहिए। कोई भी सड़क, पुल अथवा कोई भी सरकारी सम्पत्ति बने तो वहां एक साइन बोर्ड लगना चाहिए,जिसमें एक क्युआर कोड लगा हो जिसको स्कैन करने पर कार्यदायी संस्था, संबधित जनप्रतिनिधि, खर्च की रकम आदि का विवरण उल्लेखित हो। उन्होंने कहा कि, केन्द्र सरकार के 11 साल में किसानों, व्यापारियों, नागरिकों आदि को ही निराशा हाथ लगी है। नोट बंदी, जीएसटी, महंगाई, बेरोजगारी ने लोगों को तोड़कर रख दिया है। कहा कि तहसील, थाने, लूट और दलाली का अड्डे बन गए हैं। विधायकों ने खुद के वेतन भत्ते 40 फीसदी तक बढ़ा लिए, लेकिन उन्हें किसानों

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत**

की सुध नहीं ली। सब्सिडी वाले यूरिया की कालाबा. जारी पर अभी तक अंकुश नहीं लग पाया है। नकली खाद और नकली कीटनाशकों की बाजार में भरमार है। क्षेत्र में बेसहारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और इनके हमले में अनेकों लोग मौत की नींद सो चुके हैं, मगर सरकार के पास इन बेसहारा पशुओं की समस्या का कोई समाधान नहीं है। इनके अतिरिक्त एमएसपी सहित कई मुद्दों पर किसान नेताओं को संबोधन किया, इसके बाद किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। इस अवसर पर विजयवीर सिंह, अरुण सिद्धू, राहुल सिद्धू, देवेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, शीशपाल सिंह, कामिल चौधरी, जितेंद्र सिंह, रिंकू सागर दलजीत सिंह, तस्लीम सैफी, तेजपाल सिंह, अभिषेक भुल्लर, नितिन चौधरी, अंकुर चौधरी, आसिफ चौधरी, आजम खान, अमित चीमा, इकबाल सैफी मौजूद रहे।

# रसगुल्ले के रेट को लेकर दुकानदार व युवक भिड़े

## घटना का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रसगुल्ले के रेट को लेकर हुए विवाद में कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई। वहां मौजूद किसी व्यक्ति के द्वारा मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

सोमवार देर रात कनेटा रोड पर इलेक्ट्रीशियन नौशाद की दुकान पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर दिया।घटना की शुरुआत तब हुई जब नौशाद का भाई दिलशाद पास की एक मिठाई की दुकान से रसगुल्ले खरीदने गया। वहां रेट को लेकर दुकानदार से उसकी बहस हो गई। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया। कुछ देर बाद लाठी-डंडों से लैस लोग नौशाद की दुकान पर पहुंच गये। उन्होंने दुकान में घुसकर नौशाद के साथ मारपीट की और तोड़फोड़ की कोशिश की। पड़ोसियों की मदद से हमलावरों को वहां से भगाया गया।किसी ने घटना का वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे लोग दुकान में घुसकर व्यापारी की पिटाई कर रहे हैं। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस ने एक आरोपी को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने मामले में तहरीर प्राप्त कर ली है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# डीजे के विवाद में 60-70 के खिलाफ रिपोर्ट

## रामडोल शोभायात्रा के दोरान दबंगों ने किया था हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रामडोल शोभायात्रा में जबरन डीजे लगी गाड़ी को शामिल करने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने रामडोल कमेटी के अध्यक्ष की तहरीर पर तीन को नामजद करते हुए 60-70 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीती 17 अगस्त को जन्माष्टमी पर शहर में ऐतिहासिक रामडोल शोभायात्रा निकाली गई थी। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा ने शोभायात्रा में डीजे बजाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया था। शोभायात्रा में छोटी-बड़ी करीब 170 झांकियां शामिल थीं, जिन्हें बिजनौर रोड पर खड़ा कराया गया था। कमेटी पदाधिकारियों द्वारा नंबरिंग देकर इन झांकियों को शोभायात्रा में शामिल कर किया जा रहा था। शाम में करीब पांच बजे अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की प्रेम विहार कॉलोनी निवासी मनवीर, पिलक कॉलोनी निवासी रितिक शर्मा व कांठ रोड निवासी रॉबिन शर्मा अपने साथ 60-70 युवकों को लेकर टीपी नगर चौराहे पर आ गए। इन युवकों ने ट्रैक्टर पर डीजे लगा रखा था। सभी युवक डीजे लेकर जबरदस्ती बिना अनुम. ति शोभायात्रा में घुसने लगे। कमेटी अध्यक्ष कपिल शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचते हुए इस हरकत का विरोध किया तो आरो. पियों ने हंगामा शुरू कर दिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जबरदस्ती डीजे बजाने की धमकी दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने शोभायात्रा मार्ग पर डीजे लगे ट्रैक्टर को बीच में खड़ा करकर जाम लगा दिया। माहौल बिगड़ते देख पुलिस को युवकों को खदेड़ते हुए शोभायात्रा रूट खाली कराना पड़ा। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में कमेटी अध्यक्ष कपिल शर्मा की तहरीर पर मनवीर, रितिक शर्मा व रॉबिन शर्मा के अलावा 60-70 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो से चेहरों की पहचान की जा रही है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## खाद के कट्टों में दबकर मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** खाद के कट्टों की ढांग के नीचे दबकर मजदूर घायल हो गया। जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला सैकेट्री नगर में इफ्को सेवा केन्द्र है। यहां मोहल्ला चौधरियान के रहने वाले हरेन्द्र गुप्ता मजदूरी करते हैं। दोपहर का खाना खाने के बाद वह खाद के कट्टों के पास बैठे थे कि अचानक कट्टों की ढांग उनके ऊपर गिर गयी। जिसमें वह दब गये। साथ काम करने वाले मजदूरों ने किसी तरह कट्टे हटाकर उन्हें निकाला तथा निजी चिकित्सक के यहां भर्ती करया।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में धरना देते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता।

# गजरौला एसओ को क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी

## एसपी ने सात थाना प्रभारी बदले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने सात थानों के प्रभारी बदल दिए। पांच को इधर से उधर किया गया है जबकि दो नए चेहरों को भी जिम्मेदारी दी है। गजरौला इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान को क्राइम ब्रांच भेज दिया गया है।

पुलिस कार्यालय से जारी तबादला सूची के मुताबिक मंडी धनौरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार को थाना गजरौला का प्रभारी बनाया गया है। बीते दिनों उन्होंने एक के बाद एक तीन वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया था। जुलाई माह की रेंकिंग में उन्हें कॉप ऑफ मंथ की उपाधि से भी सम्मानितकिया गया था। जिले के सबसे अहम गजरौला थाने की नई जिम्मेदारी को इन खुलासों का ईनाम माना जा रहा है। वहीं, इंस्पेक्टर अमरोहा देहात बालेंद्र कुमार को अब मंडी धनौरा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। बछरायूं इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अमरोहा देहात थाना प्रभारी बनाया गया है। आदमपुर थाना प्रभारी प्रेम पाल सिंह को हसनपुर कोतवाली प्रभारी नियुक्त किया गया है। रहरा थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी को आदमपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। फीडबैक सेल प्रभारी दरोगा अमित कुमार तोमर को बछरायूं थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, गजरौला थाने की कस्बा चौकी प्रभारी दरोगा अतवीर सिंह चौहान को रहरा थाना प्रभारी बनाया गया है। हसनपुर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा का ट्रांसफर लखनऊ होने के कारण उनकी रवानगी पुलिस लाइन कराई गई है।

# तत्कालीन एसपी व इंस्पेक्टर नहीं हुए कोर्ट में हाजिर

## 14 साल पुराना शहर का चर्चित मामला, 19 सितम्बर को होगी सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 14 साल पुराने चर्चित मामले में कोर्ट से गैर जमानती वारंट होने के बावजूद तत्कालीन एसपी व इंस्पेक्टर आज भी अदालत में हाजिर नहीं हुए। इस मामले में अब अगली सुनवाई 19 सितम्बर को होगी।

चर्चित मामला लगभग 14 साल पुराना है। शहर की सुबोधनगर कॉलोनी निवासी एक ठेकदार की पत्नी ने मोहल्ला बड़ा बाजार निवासी पूर्व जिपं अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन के बेटे विशाल टंडन पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। शिकायत पर जांच कर रही देहात थाना पुलिस ने 12 अगस्त 2011 को पूछताछ के बहाने विशाल टंडन को हिरासत में लिया था। आरोप था कि तत्कालीन एसपी उदय प्रताप सिंह व शहर कोतवाल सुधीर तोमर उस रात देहात थाने पहुंचे थे। थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करते हुए दोनों ने विशाल टंडन की बेदर्दी से पिटाई की

**■ पूर्व जिपं अध्यक्ष शिवस्वरूप टंडन के बेटे से एसपी व इंस्पेक्टर ने की थी मारपीट**

थी। छोड़ने के बदले में तीन लाख रुपये लिए थे। इतना ही नहीं गले से सोने की चेन तक उतार ली थी। वहीं, सेवानिवृत हो चुके एसपी व शहर कोतवाल ने थाने में मौजूद पूर्व जिपं शिव स्वरूप टंडन के साथ भी अभद्रता की थी। हालांकि, बाद में ठेकेदार की पत्नी और विशाल टंडन के बीच समझौता हो गया था। मामले में विशाल टंडन ने साल 2011 में दोनों अफसरों के खिलाफ अदालत में एक परिवाद दायर किया था। जिसकी



सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही थी। इसी बीच साल 2013 में विशाल टंडन की मृत्यु हो गई थी लेकिन प्रतिष्ठा से जुड़े इस मुकदमे की पैरवी शिव स्वरूप टंडन लगातार करते रहे। सीजेएम कोर्ट ने दोनों अधिकारियों को कई बार नोटिस जारी कर तारीख पर पेश होने का आदेश दिया लेकिन दोनों अपना पक्ष रखने के लिए अदालत में नहीं पहुंचे। लिहाजा, बाद में अदालत ने दोनों के गैरजमानती वारंट जारी कर दिए लेकिन अमरोहा देहात थाना पुलिस ने वारंट तामील कराए या नहीं इसकी कोई जानकारी अदालत को नहीं दी। इसी बीच बीती तारीख पर सीजेएम डा.लकी सिंह ने वारंट के बाद भी हाजिर नहीं होने को अदालत की अवमानना मानते हुए तत्कालीन एसपी उदय प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार तोमर के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। गिरफ्तार कर 19 अगस्त को कोर्ट में पेश करने का आदेश अमरोहा पुलिस को दिया था। मंगलवार को इस सीजेएम कोर्ट में इस केस की तारीख थी। चर्चा थी कि तत्कालीन एसपी उदयप्रताप व शहर कोतवाल सुधीर तोमर कोर्ट में पेश होंगे लेकिन दोनों नहीं आए। अधिवक्ता मतलूब सुब्हानी ने बताया कि अदालत ने अब इस मामले सुनवाई के लिए अगली तारीख 19 सितंबर नीयत की है।

# भ्रष्टाचार के विरोध में भाकियू शंकर ने दिया धरना

## मांगे पूरी न हुई तो लखनऊ करेंगे कूच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार के चलते जनता बर्बाद हो रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं दिया जा रहा।

मंगलवार को भाकियू शंकर के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा धरने पर बैठ गये। जिन्हें संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि जिले में कोई सरकारी विभाग ऐसा नही है जहां भ्रष्टाचार न हो। प्रदेश के किसान यूरिया की किल्लत से जूझ रहा है। विभाग विभाग द्वारा घरेलू मीटरों के गलत बिल निकाले जा रहे है। चलबंदी विभाग में लूट चरम पर है। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली का निजीकरण करना चाहती है जिसका संगठन विरोध करेगा। सरकार द्वारा वर्तमान पैराई सत्र के गन्ने मूल्य में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो संगठन लखनऊ डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान का घेराव करने को मजबूर होगा। धरना देने वालो में जिलाध्यक्ष चौ. नेमपाल सिंह, राकेश, कल्लू चौहान, अमीपाल, सुरेन्द्र सिंह, शेर सिंह राणा, करणपाल सिंह, अमीचंद, रामवीर सिंह, प्रदीप कुमार, विशाल, वरूण, चंचल देवी, रेखा, मंजू शर्मा, राजवती, पार्वती, कमल, कविता, जरीना शामिल रहीं।




■ अमरोहा। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

# विज्ञान संगोष्ठी में एएसएम की अदिति प्रथम

## एकेके इंटर कालेज में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विज्ञान संगोष्ठी में एएसएम मार्डन एकेडमी खाता की अदिति ने पहला तथा शर्मा देवी की नीलू यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

एकेके इंटर कालेज में जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय क्वांटम युग का आरंभ: संभावनाएं और चुनौतियां था। इस संगोष्ठी में एएसएम मार्डन एकेडमी खाता की अदिति ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि शर्मा देवी इंटर कालेज की नीलू यादव दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति व नीलू मुरादाबाद में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के बीच कराई गई। निर्णायक मंडल में फारूक अहमद, जावेद अख्तर, हुसैन मौहम्मद रहे। प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने कहा कि क्वांटम भौतिक विज्ञान के अन्तर्गत परिवर्तन और कम्प्यूटर टेक्नोलाजी में अदभुत देन है। इस मौके पर जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक शाने हैदर, शाहिद खान, अरशद फारूखी, रणवीर सिंह, शाहजेब खान मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दम्पति घायल

**जोया।** बाइकों की भिड़ंत में दम्पति घायल हो गया। जिसे पाकबड़ा के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। संभल जनपद के थाना असमौली के गांव शहबाजपुर कलां मझरा गम्मनपुर का सतीश पत्नी रौशन की दवाई लेकर रविवार की सांय बाइक से घर लौट रहा था। हाइवे पर श्यौनाली दरगाह के पास पीछे से आये अज्ञात बाइक सवार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दम्पति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पाकबड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सतीश के पिता मुन्नालाल की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# नए तहसील भवन में बनाया जाए रजिस्ट्री कार्यालय

## संतोषजनक जवाब न मिलने पर वकीलों में रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नवनिर्मित तहसील भवन में रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित करने की मांग तहसील बार एसोसिएशन द्वारा की गयी है। अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न देने पर वकीलों में रोष है।

बार भवन में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जी ने बताया कि नवीन तहसील भवन स्थित ग्राम गुलडिया का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है और नव निर्मित तहसील भवन स्थित ग्राम गुलडिया में तहसील सदर बार एसोसिएशन अमरोहा के अधिवक्ताओं द्वारा उप निबंधक कार्यालय को भी नवीन तहसील भवन में ही निर्मित कराने की मांग की गई है।उप निबंधक कार्यालय और नवीन तहसील भवन में लगभग 8 से 10 किलोमीटर की दूरी है। जिससे कार्य कराने आने वाले किसानों,व्यापारियों व अन्य आम जनमानस को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। अधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में भी कोई संतोषजनक प्रगति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण अधिवक्ताओं में रोष है। इस मौके पर सतेद्र पाल सिंह समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।

## देवी-देवताओं के स्वरूप बनाकर न करें नृत्य



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सनातन जागरण मंच की अगस्त माह की मासिक बैठक सोमवार की रात्रि नगर के आर्य समाज मन्दिर में आयोजित कि गई। जिसमे संगठन की मजबूती व विस्तार पर जोर दिया गया तथा आगामी कार्यक्रमो को लेकर चर्चा की गयी स इस बैठक मे सभी धर्मप्रेमी सनातनियो से अपील की गयी कि नगर मे निकाली जाने वाली किसी भी शोभा यात्रा मे अपने देवी देवताओ के स्वरूपों के नृत्य का आयोजन नही करे। इससे सभी सनातनियो की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं इस दौरान सनातन जागरण मंच की समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही स बैठक का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# भ्रूण लिंग परीक्षण करते गैंग दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग और अमरोहा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में संयुक्त कार्रवाई कर एक घर में चल रहे अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण केंद्र का पर्दाफाश किया है। हरियाणा के रोहतक जिले के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ विश्वजीत ने अमरोहा के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश कुमार सक्सेना के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। एक घर के कमरे में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से हरियाणा और पंजाब से आने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही थी। आरोपी डॉक्टर देवेंद्र और उसकी पत्नी पूनम मिलकर यह अवैध केंद्र चला रहे थे। महिला दलाल सुधा, जो पिलखुआ की घास मंडी की रहने वाली है। 30 हजार रुपए में भ्रूण लिंग परीक्षण की डील करवाती थी। पुलिस ने तीनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और नकदी बरामद की है। यह रैकेट काफी समय से चल रहा था। हरियाणा पुलिस ने महिला दलाल का पीछा कर इस पूरे रैकेट का भंडाफोड़ किया। खबर भेजे जाने तक मामले में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## हरियाणा स्वास्थ्य का करनखाल में छापा



# भ्रूण लिंग जांच करने वाले रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग और अमरोहा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में एक घर में चल रहे अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण केंद्र का पर्दाफाश किया है।

हरियाणा के रोहतक जिले के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ विश्वजीत ने अमरोहा के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश कुमार सक्सेना के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। एक घर के कमरे में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से हरियाणा और पंजाब से आने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही थी। हरियाणा रोहतक के स्वास्थ्य विभाग को पता चला था कि हसनपुर क्षेत्र के करनखाल में भ्रूण जांच के नाम पर आरोपी मोटी रकम लेते हैं। टीम ने स्वास्थ्य विभाग अमरोहा को सूचित किया उसके बाद इस गैंग को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। पिलखुवा की रहने वाली महिला दलाल सुधा 30 हजार में लिंग परीक्षण की डील करवाती थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ हरियाणा पुलिस भी साथ थी। हरियाणा पुलिस ने ही महिला दलाल का पीछा कर रेकट का भांडाफोड़ किया।

# सेवानिवृत बाइक सवार कर्मी को रोडवेज बस ने रौंदा, मौके पर ही मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मंगलवार को पीलीभीत से बरेली जा रही एक रोडवेज बस ने कस्बे के रहने वाले नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत कर्मी मो. सलीम को रौंद दिया, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मरहूम सूफी इस्माइल के पुत्र मो. सलीम तीन साल पहले ही नगर पालिका परिषद से सेवानिवृत हुए थे। मंगलवार को वह अपनी बाइक से रिछोला किफायतुल्ला गांव जा रहे थे कि पीछे से आ रही रोडवेज बस यूपी 25 बीटी 3754 ने बाईपास स्थित केनरा बैंक के पास बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि बस चालक बस लेकर फरार हो गया, लेकिन लोगों ने उसका नम्बर उतार लिया।

सुबह करीब 11 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कस्बे के साथ ही उनके परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। 66 वर्षीय मो. सलीम की पत्नी नाजमा उनके पुत्रों और पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक मो. सलीम के दो पुत्रों और तीनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। सलीम की इस दर्दनाक मौत पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, सपा नेता प्रो० राशिद अंसारी, पूर्व सभासद मो. हसन अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, अंसार अहमद पिंडारी, दीपक सूरी, पूर्व उप प्रमुख यासीन अंसारी, खुर्शीद अहमद, अधिवक्ता भुवनेश गंगवार, मुराद अहमद अंसारी एड, मो० अरशद अंसारी, हाजी परवेज अंसारी, व्यापारी नेता महबूब सावरी, कासिम अंसारी, मो. नईम आदि ने दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की है।

# ताजियादारों ने कोतवाल का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला में एक ही दिन शोभायात्रा और चेहल्लुम का जुलूस निकाले जाने को लेकर गांव के दोनों समुदाय के लोगों के साथ ही पुलिस प्रशासन कि नींद उड़ गई थी, जिसके चलते कई बार हुई दोनों पक्षों की बैठक में पुलिस की मौजूदगी में मामला सुलट गया था।

समझौते के तहत दोनों समुदाय के पर्व सकुशल सम्पन्न हो गए। मंगलवार को ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला के ताजियादारों ने ग्राम प्रधान इरशाद के साथ कोतवाली सभागार में पहुंचकर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव और उप निरीक्षक राजेश कुमार का स्वागत किया। ग्राम के लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रियाजुल हसन, महताव, इकरार, अली अहमद, शाहिद, यासीन बजाज, रईस अहमद, अनीस अहमद के साथ ही भाजपा नेता राममोहन गंगवार आदि शामिल रहे। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

# ई-रिक्शा चालक ने भाजपा नेता पर किया जानलेवा हमला, हाथ की उंगली कटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ई-रिक्शा चालक ने भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें उसके एक हाथ की उंगली कट कर अलग गिर गई। भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की ओर से ई-रिक्शा चालक और उसके बेटे के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। कस्बे के मोहल्ला कैलाश नगर के रहने वाले संजीव कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं, वह भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष हैं, और भाजपा के नगर मंत्री हैं, रविवार को वह कस्बे के बाईपास मार्ग पर दही लेने जा रहे थे, कि सड़क पर उनका परिचित ई-रिक्शा चालक राम बहादुर निवासी मोहल्ला चाणक्यपुरी और उसका लड़का करन एक सवारी से किराए के दो रुपयों को लेकर झगड़ रहे थे, जिसपर उन्होंने बीच बचाव कर सवारी को समझा बुझा दिया, जिसके बाद सवारी वहां से चली गयी। आरोप है कि इससे गुस्साए राम बहादुर और उसके बेटे ने उनसे मारपीट करनी शुरू कर डाली, इसी बीच राम बहादुर ने ई-रिक्शा से धारदार हथियार निकालकर उसके ऊपर हमला कर दिया, जिससे उनके दाएं हाथ की उंगली कटकर अलग जाकर गिर गयी। लोगों की भीड़ जमा होते देख वह दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया। बरेली के अस्पताल में डाक्टरों ने आपरेशन कर उसकी उंगुली को जोड़ा। घटना की रिपोर्ट भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार की ओर से थाना नवाबगंज में दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज करायी गयी है।

# 27 अगस्त को होगा नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो सप्ताह पहले निर्वाचित हुई एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी को आगामी 27 अगस्त को शपथ दिलाई जाएगी। संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक तहसील के सभागार में 27 अगस्त को दोपहर दो बजे संगठन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिले के पदाधिकारियों के साथ ही स्थानीय अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

मालूम हो गुजरे माह 29 जुलाई को हुए चुनाव में शिशुपाल सिंह गंगवार को अध्यक्ष, पुष्पपाल सिंह को सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर वीरेन्द पटेल को चुना गया था। दो सप्ताह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अभी तक शपथ नहीं दिलाई जा सकी है, जिसको लेकर संगठन में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थीं।

# लखनऊ में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड शिविर का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने राज्य के पत्रकारों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग के अनुसार स्टेट हेल्थ एजेंसी (साची) द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करने एवं संशोधन कराने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 21 व 22 अगस्त क्रमश: गुरुवार एवं शुक्रवार को लखनऊ स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में आयोजित होगा।

अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र ने सभी जिलों के उप निद. शक, सहायक निदेशक एवं जिला सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को इस शिविर की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि वे निर्धारित तिथियों में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा या उसमें आवश्यक संशोधन करवा सकें।

उपरोक्त के क्रम में जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया ने जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकारों से अनुरोध किया है कि यदि उनके आयुष्मान कार्ड से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो अथवा कोई त्रुटि या संशोधन होना है तो वह इस शिविर में प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं।

# बचाव कराने वाले युवक के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक के साथ तीन युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित तौफीक अहमद पुत्र अमीर अहमद निवासी मोहल्ला शेरनगर ने आरोप लगाया है कि जब वह मोहम्मदपुर चौराहे पर खड़ा था। तब दानिश, विशाल और मुन्ना आपस में हाथापाई कर रहे थे। जब पीड़ित ने उन्हें आपस में झगड़े से बचाने की कोशिश की, तो उन्होंने पीड़ित पर हमला कर दिया, और गाली-गलौच करते हुए लात-घूसों से मारपीट की।

पीड़ित तौफीक अहमद का आरोप है कि दानिश पुत्र नामालूम निवासी लोधीपुर, मुन्ना पुत्र वारी चावल वाले निवासी मोहम्मदपुर चौराहा और विशाल पुत्र रईस अहमद निवासी लोधीपुर ने उसे मारा-पीटा, और जान से मारने की धमकी दी। वहां मौजूद लोगों ने बमुश्किल पीड़ित को बचाया। पीड़ित तौफीक अहमद ने अपने छोटे भाई मोहम्मद ताहिर के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। इस तरह की घटनाएं समाज के लिए खतरा हैं और पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता खुशी पाल पत्नी सुरेश का आरोप है कि उसके पति सुरेश और ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे, और उसे मारते-पीटते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना है कि उसकी शादी 2023 में सुरेश पुत्र मंगल सैन के साथ हुई थी, और उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद, उसके पति और ससुराल वाले दहेज की मांग करते थे, और उसे मारते-पीटते थे। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसके पेट में लात मारी, जिससे उसका गर्भपात हो गया था। पीड़ित विवाहिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, और आरोप लगाया है कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पति सुरेश पुत्र मंगल सेन, ससुर मंगल सेन, जेठ नरेंद्र, नन्द केसरी उर्मिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट और धमकी का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** देवरनियां में एक व्यक्ति ने अपने साथ मारपीट और धमकी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगदीश पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुनाहट्टू ने आरोप लगाया है कि संजीव पुत्र महेंद्र पाल ने अचानक से आकर मारपीट शुरू कर दी, जब वह अपनी पत्नी के साथ शिव मंदिर पर मेले में घूम रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी ऐवेश्वरी ने बचाने की कोशिश की, तो उसका मंगलसूत्र गिर गया जो नहीं मिला।

जगदीश का आरोप है कि संजीव ने गंदी-गंदी गालियां दीं, और हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह गाली-गलौज करते हुए वहां से निकल गया। जगदीश ने पुलिस से अनुरोध किया है कि संजीव के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए, क्योंकि उसे जान और माल का खतरा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवरनियां पुलिस आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# उर्स-ए-रजवी के दूसरा दिन उमड़ा रजा के दीवानों का सैलाब

## दुनिया के मुल्कों में सबसे खूबसूरत संविधान हमारे मुल्क हिंदुस्तान का: मुफ्ती सलीम बरेलवी

- नासूस-ए-रिसालत, आपसी सौहार्द कॉन्फ्रेंस व मसलक ए आला हजरत कांफ्रेंस का आयोजन
- मुफ्ती-ए-आजम हिंद, मुफस्सिर-ए-आजम और रेहान मिल्लत के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सुन्नी, सूफी, खानकाही विचार धारा के बड़े धर्मगुरु आला हजरत इमाम अहमद रजा खान की बारगाह में खिराज पेश करने विश्व भर के लाखों जायरीन समेत उलेमा बरेली पहुँच चुके हैं। इसी कड़ी में उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में सुबह 8 बजे अंतरराष्ट्रीय नामूस-ए-रिसालत, आपसी सौहार्द और मसलक-ए-आला हजरत कॉन्फ्रेंस का आयोजन दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में किया गया। इसी बीच सुबह मुफस्सिर-ए-आजम व रेहान-ए-मिल्लत और देर रात मुफ्ती आजम हिंद के कुल शरीफ की रस्म एक बजकर चालीस मिनट पर अदा की गई। प्रोग्राम देर रात तक जारी था।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का आगाज मुफ्ती जईम रजा ने तिलावत-ए-कुरान से किया। हाजी गुलाम सुब्हानी, आसिम नूरी, अर्सलान आलम ने नात ओ मनकबत का नजराना पेश किया। इसके बाद कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) का पैगाम देते हुए कहा कि दुनिया के मुल्कों के संविधान में सबसे खूबसूरत संविधान हमारे मुल्क का है। इस मुल्क में सभी को अपने मजहबी कार्यक्रमों को करने की पूरी आजादी है। राजनीतिक पार्टियों के झांसे में आए बिना अपने मुल्क से सच्ची मोहब्बत रखते हुए मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करें। क्योंकि राजनीतिक पार्टियों की हुकूमत आती है और चली जाती है। हमारे मुल्क का इतिहास बहुत पुराना है, इस मिट्टी में सभी का लहू शामिल है। सभी इस मुल्क के निवासी हैं। राजनीतिक पार्टियों से इक्तेलाफ अलग चीज है, मुल्क से वफादारी अलग। हम अपने बच्चों को शरीयत के कानून के साथ मुल्क के कानून को भी पढ़ाएं। मुसलमान के हर बच्चे को अपने देश का संविधान समझना जरूरी है। आपसी सौहार्द के लिए मुल्क में सेकुलर हिंदू-मुस्लिम मिलकर एक गठजोड़ बनाएं, इसके लिए हिंदुस्तान की खानकाहों को आगे आना होगा।



आज हमारे मदरसों को शक की निगाह से देखा जाता है। कभी ये जांच कभी वो जांच ऐसे लोगों को ये नहीं मालूम आजादी के मतवालों ने इन्हीं मदरसों से तालीम हासिल की। फिर चाहें वो टीपू सुल्तान हों, बहाद. ुर शाह जफर या फिर अल्लामा फजले हक खैराबादी। मुसलमानों और मदरसों को देश भक्ति के लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं। आगे कहा कि अमेरिका ने दुनिया के कितने मुल्कों को बर्बाद कर दिया, आज इजराइल अमेरिका की मदद से फिलिस्तीन को बर्बाद कर रहा है। पाकिस्तानी यू ट्यूबर उलेमा से दीन न सीखें, बल्कि सुन्नी उलेमा की किताबों से दीन सीखें। अपनी बहुओं बेटियों की हिफाजत करें। नमाजों की पाबंदी करते हुए मालदार मुसलमान अपनी जकात की रकम से समाज से गरीबी दूर करें। कारी सखावत मुरादाबादी ने देश भर से आये उलेमा व मस्जिदों के इमामों से अपील करते हुए कहा कि वो लोग जुमे की नमाज के खुतबे में आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने, नफरत मिटाने और शरई दायरे में रहकर आपसी भाईचारे मजबूत करने पर जोर दें। कश्मीर रजौली से मुफ्ती अब्दुल रऊफ ने खिताब करते हुए कहा कि नामूस ए रिसालत पर पहरा देते हुए मसलक-ए-आला पर कायम रहें। वहाबी विचार धारा से अपने आप को महफूज रखें। मौलाना मुखघ्तार बहेडवी ने कहा कि मुफ्ती ए आजम हिंद ने देश के विभाजन के वक्त अपने उम्दा किरदार और दुआ तावीज से दोनों समुदायों में नफरत की जो दीवार खिच गई थी उसे पाटने का काम किया।

संचालन करते हुए कारी यूसुफ रजा सम्भली ने सामाजिक बुराई जैसे महिलाओं के साथ होने वाली जुल्म ज्यादती, बढ़ती दुष्कर्म की घटनाएं, आपसी लड़ाई झगड़े, सूद के कारोबार, शराब, जिना (बलात्कार), नशाखोरी, शादियों में फुजूलखर्ची, डीजे ढोल बाजे, मुसलमानों के शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ेपन पर फिक्र जाहिर करते हुए लोगों से ऐसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहने का आव्हान किया। मौलाना कमर रजा ने आला हजरत के वैज्ञानिक कारनामों पर रौशनी डाली।

मौलाना जाहिद रजा और मुफ्ती बशीर उल कघदरी ने कहा कि बरेली की पहचान दुनिया भर में आला हजरत की वजह से है, उन्होंने बरेली में आला हजरत कॉरिडोर बनाने की मांग की। कारी अब्दुर्रहमान कघदरी ने कहा कि रेहान ए मिल्ल ने आला हजरत के मिशन को फरोग देने के लिए बहुत से मुल्कों के दौरे किए। मुफ्ती अखघ्तर ने शायराना अंदाज ने कहा कि जिसमें खाते हैं कभी छेद नहीं करते हैं, दर बदर झुकता नहीं है अपना माथा कहीं, हम तो खुद्दार हैं खुद्दारी शेवा है अपना। मौलाना असलम टनकपुरी, नेपाल से आए नसरुद्दीन रजवी, मॉरीशस से मुफ्ती नदीम, मुफ्ती रियाजुल हसन, मुफ्ती अय्यूब खां नूरी, मुफ्ती कलीम उर रहमान, मुफ्ती नवाजिश अली, मुफ्ती मोइनुद्दीन बरकाती, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी आदि ने भी आला हजरत को खिराज पेश किया। इसी बीच कुल शरीफ की फातिहा कारी अब्दुर्रहमान कघदरी ने शिजरा मुफ्ती जमील और मुल्क की तरक्की व मिल्लत की खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ मुफ्ती आकिल रजवी ने की।

मुफ्ती आकिल रजवी की लिखी इमदादुल कारी की नौवीं जिल्द का विमोचन दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां ने किया। कांफ्रेस दोपहर 12 बजे तक चली। आखिर में मुफ्ती अफरोज आलम को खिराज ए अकीदत पेश की गई।

### पूरे दिन दरगाह पहुंचते रहे चादरों के जुलूस

उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन सुबह से लेकर शाम तक राजनीतिक पार्टियों व जिले भर से चादरों के जुलूस दरगाह पहुंचते रहे। जिसमें दिन में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की चादर पेश हुई। देर रात झारखंड के गवर्नर महामहिम संतोष कुमार गंगवार की चादर पेश हुई। इसी तरह दिन भर रात तक चादरों को जुलूस दरगाह पहुंचता रहे।

### उर्स के आखिरी दिन होने वाले कार्यक्रम

20 अगस्त को बाद नमाज फज्र कुरानख्वानी होगी। इसके बाद 8 बजे इस्लामिया मैदान में महफिल का आगाज हो जाएगा, जिसमें दुनिया भर के उलेमाओं की तकरीर होगी। उसके बाद दोपहर दो बजकर अड़तीस मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इसी के साथ तीन रोजा उर्स का समापन हो जाएगा।

# चादरपोशी के जुलूस में उमड़ा आला हजरत के दीवानों का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे से आला हजरत फाजिले बरेलवी के 107वें उर्स के मौके पर चादरपोशी के लिए रजा के दीवानों का सैलाब उमड़ पड़ा।

मंगलवार को सुबह बाद नमाज ए फज्र जैसे ही कस्बे की सुन्नी जामा मस्जिद से बरेली चलो का ऐलान हुआ तो लोग दीवाना बार मस्जिद की सिम्त दौड़ पड़े, और देखते ही देखते सड़कों पर रजा के दीवानों का सैलाब नजर आने लगा। मस्जिद के पड़ोस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों ने रजाकारों का न सिर्फ इस्तकबाल किया, बल्कि जलपान भी ग्रहण कराया। बाद में यह जुलूस मुख्यमार्ग पर आया और पैदल ही बरेली को कूंच कर गया।

नगर पंचायत चुनाव में अपनी दावेदारी ठोकने वाले एडवोकेट रियाज अहमद व अंजुमन आशिक. ाने रसूल के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त तरीके से जुलूस का इस्तकबाल कर जलपान भी ग्रहण कराया। जुलूस में शामिल युवाओं का जोश देखते ही बनता था, फलक शिगाफ नारों से वातावरण गूंज उठा। जुलूस की कयादत सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम अल्लामा ए मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही ने की। इधर नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने भी रजाकारों का स्वागत कर उन्हें खूब खिलाया पिलाया।

# झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की चादर लेकर पहुंचे जिला अध्यक्ष परवेज मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खां के 107 वें उर्स मुबारक मौके पर इस वक्त बरेली शरीफ की सरजमीं पर पूरी शान शौकत के साथ मनाया जा रहा है। उसमें शामिल होने के लिए मुल्क नहीं बल्कि विदेशों से भी जायरीन पहुंच रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की चादर लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष परवेज मियां दरगाह आला हजरत पहुंचे, सुब्हानी मियां से मुलाकात कर उर्स ए रजवी की मुबारकबाद दी। महामहिम राज्यपाल की चादर पेश की, सज्जादानशीन सुब्हानी मियां से फोन पर महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वार्ता की, और 107 वें उर्स की बधाई दी, और देश की तरक्की के लिए दुआ की अपील की। दरगाह पर सय्यद आसिफ मियां, सय्यद मुस्तफा मियां, अजमल नूरी, नासिर कुरैशी, शाहिद नूरी ने प्रतिनिधि मंडल में शामिल अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शावेज रईस, निहाल खान, इमरान खान, अकरम पठान, जावेद अंसारी, डॉक्टर नबी रजा, मोहम्मद आसिम, हाजी जहीर साहब, हाजी शाकिर, इस्लाम सुल्तानी, शाहरुख खान, शानू अंसारी, तोहिद अहमद तमाम अल्पसंख्यक मोर्चा के दरगाह पर चादर पेश की।



# नए सर्किल रेट से होगा 251 शत्रु संपत्तियों का मूल्यांकन, समिति का किया गया गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भारत सरकार जिलेभर की शत्रु संपत्तियों का मुद्रीकरण करेगी। इसके मद्देनजर शत्रु संपत्तियों का नए सर्किल रेट के अनुसार मूल्यांकन करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए जिला मूल्यांकन समिति गठित की गई है। इसमें एसडीएम, अधिशासी अभियंता लोनिवि और उप निबंधक शामिल किए गए हैं। समिति को अभिलेखों की जांच सहित 19 बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार करके तीन दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। शत्रु संपत्तियों के पर्यवेक्षक सुरेश कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी पत्र भेज कर बरेली जिले में स्थित घोषित शत्रु संपत्तियों की नए सर्किल रेट के आधार पर जिला मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। जनपद में घोषित शत्रु संपत्तियों का भारत सरकार के निर्देश पर मुद्रीकरण प्रस्तावित है। संपत्तियों का 19 कॉलम के निर्धारित प्रारूप पर मूल्यांकन करना है।

# जिला पंचायत प्रत्याशी इंजीनियर मुकेश गंगवार ने शुरू की सभाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बीटेक ग्रेजुएट इंजीनियर मुकेश गंगवार वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, वह एक मध्यम किसान परिवार से आते हैं। बिना राजनैतिक पृष्ठ भूमि होते हुए भी उन्होंने अपने दम पर पूरे बरेली जिले में अपनी पहचान बनाई है।

उन्होंने पिछली पंचवर्षीय में भी सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा था, लेकिन वह मात्र कुछ वोटों से चुनाव हार गए थे।

इंजीनियर मुकेश गंगवार ने 2014 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उसके बाद उन्होंने नौकरी न करके समाज सेवा को चुना, और वह लगातार अपने वार्ड 10 में पिछले 11 वर्षों से लगातार अपने क्षेत्र में सक्रियता बनाए हुए हैं, वह हमेशा लोगों के सुख दुख में खड़े रहते हैं।

उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान भी अपने क्षेत्र को नहीं छोड़ा, और कोरोना से बचाव हेतु 20 हजार मास्क और सेनेटाइजर गांव-गांव बांटे।

थाने और तहसील के समस्याओं से संबंधित वह अपने क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के साथ दिन रात तैयार रहते हैं, और यही नहीं इस बार सावन माह में उन्होंने अपने क्षेत्र के प्रत्येक गांव में कांवड़ियों के लिए जल सेवा देना का काम किया। उनकी जल सेवा ने वार्ड में एक अलग पहचान बनाई है। जिसके कारण उन्हें क्षेत्र में नौजवान, बुजुर्गों, महिलाओं व हर वर्ग का भारी समर्थन मिल रहा है, इसलिए वह और उनके समर्थक इस बार अपनी मेहनत व जनता के उमड़ते भारी प्रेम के दम पर बड़ी जीत का दावा कर रहें हैं। वह अपने क्षेत्र के लिए विकास का प्लान पहले ही तैयार कर चुके हैं। वह जीतने के 03 माह बाद तुरंत ही अपनी निजी फ्री एम्बुलेंस सेवा क्षेत्र वासियों के लिए शुरू कर देंगे। जिसमें वह महिला व बुजुर्गों को प्राथमिकता देंगे, और अपने 05 साल के कार्यकाल में क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा देंगे।

# चादर जुलूस लेकर जा रहे लोगों को दूसरे पक्ष ने रोका, हंगामा, भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया जुल्फिकार में हर साल की तरह इस बार भी चादर जुलूस को लेकर विवाद हो गया। उर्स-ए-रजवी में चादर लेकर जुलूस के रूप में निकले गांव के लोगों को दूसरे पक्ष ने रोकने की को. शिश की। इससे वहां हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकारते हुए हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ दिया। इसके बाद जुलूस निकलवा दिया।

इसके बाद पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाकर पूर्व प्रधान के समर्थकों ने नारेबाजी कर दी। मौके पर विवाद सुलझाने पहुंचे सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार चादर जुलूस निकालने को लेकर लिखित सहमति बन चुकी थी। इसके बावजूद पूर्व प्रधान के इशारे पर खुराफातियों ने हंगामा किया। जुलूस को निकलवा दिया है।



**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रकाश स्वीट्स, क्वालिटी स्वीट्स पर मारा छापा



## सिटी मजिस्ट्रेट की सक्रियता के बाद खाद्य महकमा हुआ सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के ओवरब्रिज के नीचे मिठाईयां के प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर लैंज ,बर्फी , मिल्क केक के तीन नमूने लिए खाद्य विभाग की टीम जैसे ही मिठाइयों की दुकान पर पहुंची वैसे ही हड़कंप मच गया। खाद्य अधिकारियों ने इस दौरान दुकानों पर छापा मारकर कार्रवाई की चेतावनी दी। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी मिठाई बेचने की सूचना पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग का हाल यह है कि जब कोई त्योहार पर्व आता है तभी मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है उसके बाद फिर वहीं अपने पुराने ढर्रे पर आ जाते है। विभाग की सुस्ती के कारण मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं।

जबकि शासनआदेश के अनुसार मिलावटखोरों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जाना चाहिए। मुख्य खाद्य निरीक्षक आरपी सिंह, खाद्य निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी, करन सिंह, सहयोगी मोहर सिंह ने प्रकाश स्वीट्स, मैकू लाल (क्वालिटी स्वीट्स)के तीन नमूने भरे। छापे की सूचना पर अन्य मिठाई वाले दुकानें बंद करके भाग गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने रोष व्यक्त करते हुए सभी दुकानदारों से कहा कि मिलावटी मिठाई बेचते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए भारी मुनाफा कमाने के चक्कर में जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल ने बताया कि सूचना मिली थी मिलावटी मिठाई की बिक्री की जा रही प्रकाश स्वीट्स, मैकू लाल (क्वालिटी स्वीट्स) पर छापा मारकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तीन नमूने लिए गए हैं।

# अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** तहसील सहसवान के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित टप्पा जमुनी क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना तथा त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किए।

# बिसौली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का उद्घाटन



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** नगर के प्राचीन रामलीला ग्राउंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य मेले का उद्घाटन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय एवं पूर्व विधायक पुत्र भाजपा नेता आशीष गर्ग ने बाँके विहारी श्रीजी की विधि विधान से पूजा अर्चना आरती एवं फीता काटकर किया। मेले के उद्घाटन अवसर पर रासलीला मंडली के कलाकारों ने शानदार नाट्य मंचन किया। मुख्य अतिथि दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा मेले आपसी सौहार्द और मेलजोल को बढ़ाबा देते हैं।

यह भारतीय संस्कृति की अमिट पहचान है। मेला अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता ने मेले के विकास संबंधी चर्चा कर सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।संचालन गोपाल वार्ष्णेय ने किया। यहां मेला कमेटी के मंत्री अभय वर्मा, विनीत वार्ष्णेय, रामप्रकाश जी राम, पुष्पेंद्र नाथ गर्ग, चंद्रपाल गुप्ता, चंद्रपाल शर्मा, संजीव गुप्ता, वैभव शर्मा, शिवम शर्मा, पूर्व सभासद गौरी शंकर कथूरिया, नगर पालिका सभासद कृष्णा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को पीएनबी के शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित




**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में गत जुलाई का शत प्रतिशत छात्र उपस्थित पुरस्कार पंजाब नेशनल बैंक बिसौली के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अंबुज कुमार मिश्रा व कैशियर रौनक वर्मा के द्वारा वितरित किया गया। इस बार 141 छात्र-छात्राओं ने जुलाई माह में कोई भी अनुपस्थित नहीं की थी जिनको प्रमाण पत्र व स्टेशनरी देकर शाखा प्रबंधक ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने कहा कि वास्तव में इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक के निर्देशन में टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है। कैशियर रौनक वर्मा ने कहा कि मैंने इस विद्यालय में आने से पूर्व यह कल्पना भी नहीं की थी कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं व शिक्षण व्यवस्था सरकारी विद्यालय में हो सकती है। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक कुंवर सेन, चित्रा, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता, अंजुम बुशरा के साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रेमी को पकड़ कर पीटने वालों के खिलाफ की जाएगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 45 वर्षिय प्रेमी अपनी 26 वर्षित शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंच गया जहां ग्रामीणों ने युवक को पकड़ जमकर पीट दिया जब तक पुलिस पहुंची तब तक ग्रामीणों ने उसको मरणासन्न अवस्था में छोड़ा।

पुलिस ने युवक को पीटने वालों को खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है । सोमवार सुबह लगभग दस बजे उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक कुंवरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी शादीशुदा 26 वर्षीय प्रेमिका से मिलने पहुंच गया । जबकि प्रेमी की उम्र 45 वर्षिय बताई जा रही है ।जब युवती की शादी नहीं हुई थी तो उसका युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन कुंवर गांव थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका की शादी होने के बाद भी प्रेमी ने पीछा नहीं छोड़ा। प्रेमी के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने उसको पकड़ लिया और बैल्टों और लाठी डंडों ,लात घूसों से इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। आरोपियों ने युवक को मरणासन्न अवस्था में छोड़ा गांव के प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को कब्जे में लेकर मेडीकल कराया जहां उसके शरीर में गंभीर चोटें आई हैं । पुलिस युवक को पीटने वालों की तलाश कर रही है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है ।

> इस संबंध में इंस्पेक्टर वीपी सिंह का कहना है कि युवक प्रेमिका से मिलने आया था युवक को पीटने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी । ग्रामीणों ने युवक को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया है ।।इस तरह कानून हांथ में लेना गलत है ।

# 40 नई बी-पैक्स का गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विकास भवन में जिला सहकारिता विकास समिति (डी० सी० डी०सी०) की बैठक आहूत की गयीं जिसमें सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता के साथ-साथ जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, दुग्ध अधिकारी, सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी डी०सी०बी० बदायूँ, वरिष्ठ प्रबन्धक, एल०डी०बी० और सहकारिता विभाग के ए०डी०सी०ओ० ने प्रतिभाग किया। बैठक के संयोजक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता मुन्नालाल मिश्रा रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यालय से 40 नई बी-पैक्स को गठन करने का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसमें तीव्रता लाई जाए, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र के कृषक लाभान्वित हो सके। इसी कम में ए०आर० कोआपरेटिव ने अवगत कराया कि जनपद में चार नई बी-पैक्स हजरतगंज, बसंतनगर, सिरासौल व बैन गठित हो चुकी हैं। जिनके लिये भूमि की तलाश की जा रही है इसी प्रकार दुग्ध विभाग की 05 समितियां व मत्स्य की 08 समितियों का गठन हो चुका है। इसके अतिरिक्त नई बी-पैक्स हेतु 02.00 लाख रूपये मुख्यालय स्तर से प्राप्त होने हैं जिसमें 01.00 लाख रू० की एफ०डी० व 01.00 लाख रू० समिति के आधारभूत सुविधाओं जैसे फर्नीचर आदि के लिये उपयोग किया जाना हैं। इससे पूर्व बैठक में नई बी-पैक्स को 02.00 लाख रू० की धनराशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में धनराशि को अवमुक्त करने हेतु अनुमोदित किया गया था जिसको शीघ्र प्राप्त करने हेतु पत्राचार किया जायेगा। आगामी बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पुन: डी०सी०डी०सी० में कराये गये विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

# थाने जिंदा पहुंचा युवक: पिता ने अपहरण कर हत्या करने की पुलिस को दी थी सूचना

## पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी को फंसाने के चक्कर में खुद हो गया था गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते विरोधी को फंसाने के लिए युवक स्वंय गायब हो गया और पिता ने डायल 112 पुलिस को बेटे की हत्या करने की सूचना दे दी हत्या की सूचना पर दौड़ी पुलिस ने विरोधी के घर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

8 घंटे बाद शिकायतकर्ता का पुत्र स्वंय घर वापस आ गया । पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग की धारा में चालान किया है । थाना कुंवगांव क्षेत्र के गांव वाबट निवासी नरेश पटेल ने डायल एक 112 को सूचना देते हुए वताया कि पडौघ्सी मंजनू पटेल ने अपने साथियों की मदद से मेरे पुत्र शरद पटेल की अपहरण कर हत्या कर दी है और अब मेरी हत्या करने के लिए मेरे घर पर आए हैं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी मंजनू पटेल के घर कई लोग घर पर मौजूद बैठे थे घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था ।

थाना पुलिस को फोन कर बुला लिया प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी चार पांच युवकों को थाने ले आए पुलिस द्वारा पूछताछ में पता लगा दोनों पक्षों में दो दिन पहले भी झगड़ा हुआ था लेकिन थाने पर दोनों पक्षो में फैसला हो गया था पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षो में फिर झगड़ा हो गया था पुलिस पूछताछ में जुट गई साथ ही 112 पर की गई सूचना के आधार पर पुलिस गायब हुए शरद पटेल की तलाश में भी जुट गई सरद पटेल का मोबाइल बंद जा रहा था लोकेशन के आधार पर अपहरत की तलाश में जुट गई देर रात करीब 1:00 बजे अपहरत हुए युवक का मोबाइल खुल गया पुलिस ने लोकेशन के आधार पर उससे बात कर ली सुबह वह अपने परिजनों के साथ थाने पहुंच गया तब पुलिस ने राहत की सांस ली पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने अपने विरोधी को फंसाने के उद्देश्य से उसके पिता ने हत्या कर देने की सूचना पुलिस को दी थी पुलिस ने बताया पुलिस को झूठी सूचना देने वाला युवक घ्पहले भी कई बार गायब हो चुका है ।

वह शरारती तत्व का व्यक्ति है शराब का आदी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के मजनू और शरद पटेल को शांति भंग की धारा में चालान किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह ने बताया पुरानी रंजिश के चलते हत्या और अपहरण की झूठी सूचना देने वाला युवक स्वयं ही वापस आ गया । दोनों पक्षों से एक व्यक्ति को शांति भंग की धारा में जेल भेज दिया है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** मंगलवार को स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार ने निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित कृषक उत्पादन संगठनों , महिला कृषक संघों का क्षमता संवर्धन विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

जिसमें बने हुए कृषक उत्पादन संगठन तथा प्रगतिशील कृषकों एवं महिला संगठनों के कृषक उत्पादन संगठन के संबंध में क्षमता संवर्धन किए जाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में कृषि विभाग आजीविका मिशन के कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग लिया जा रहा है । इस कार्यकम के मुख्य प्रशिक्षक संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व कृषि विभाग बरेली के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक बीरेंद्र प्रधान प्रशिक्षण दे रहे हैं ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौरव सिंह , धीरेन्द्र , ऋतु सागर , राजेश कुमार , रामसिंह , सूरज पाल सिंह , नरेश कुमार शर्मा , रीना देवी , सुनीता , निशा , अनीता , शिखा गुप्ता , भावना , लक्ष्मी , यादराम , आकाश पाल , रूमा सिंह , हेमलता , नीलम , सुषमा , लता देवी , कंचन , भूपा देवी , मनोज शर्मा , जुगेंद्र सोनू कुमार आदि प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं ।

# नरुऊ हाईवे के पास ग्राम वासियों व कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन 59 वें दिन भी जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उझानी।** 19 अगस्त 2025 आज उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने को धरना स्थल पर क्रमिक अनशन पर आज 59 वें दिन प्रात: 10:00 बजे रामकुमार जाटव ,राजाराम जाटव, फूल सिंह जाटव ,मुन्ना लाल जाटव और तेजेंद्र पाल कश्यप क्रमिक अनशन पर बैठे ,सांय 5:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव इगलास हुसैन , जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कृष्ण वीर मौर्य, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव, जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव सचिव मुजाहिद रजा, शहर उपाध्यक्ष रफत अली अली उर्फ अन्ना भाई , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड एवं संघर्ष समिति के सदस्यों ने क्रमिक अनशनकारियों को जूस पिलाकर आज का क्रमिक अनशन समाप्त कराया। धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह का कि कल 18 अगस्त 2025 को हम लोगों ने वैधानिक कार्यक्रम शुरू करते हुए 259 परिवार के लोगों ने नियम अनुसार प्रार्थना पत्र दिए तहसील दिवस पर उपस्थित अधिकारी एडीएम प्रशासन, एसडीएम बदायूं, वीडीओ उझानी ने आश्वासन भी दिया कि नाले के डायवर्जन का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा परंतु ग्रामवासी और कांग्रेसियों ने कहा कि जब तक डायवर्जन का काम शुरू नहीं होगा तब तक हम आंदोलन पर बैठे रहेंगे क्योंकि पूर्व में भी हमें कई सालों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है इसलिए इस दंश को हम 20 साल से झेल रहे हैं।

आज धरना स्थल पर पुन: सभी आंदोलनकारी ने एक स्वर में कहा कि जब तक नाले के डायवर्जन का काम शुरू नहीं होगा तब तक हम यह आंदोलन जारी रखेंगे चाहे इसके लिए हमें कितना भी समय लग जाए। धरना स्थल पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह ,जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कृष्ण वीर मौर्य शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफत अली और अन्ना भाई ने कहा कि आंदोलन गांधीवादी तरीके से जब तक चलता रहेगा जब तक की हमारी समस्या का निराकरण नहीं होगा।

धरना स्थल पर कमल प्रताप सिंह सुखराम, राजाराम, मुन्नालाल, विनोद कुमार राम सिंह वेदपाल नेपाल सिंह सोलंकी ,अमर सिंह, जोगिंदर सिंह सोलंकी ,धर्मपाल, आयुष कुमार कृपाल पप्पू, सतपाल, तिलक चंद्र ,विक्रम प्रेम शंकर मिश्रा, प्रवेश कुमार ,धनपाल सुरेशपाल , संजय लाल, शैलेंद्र कुमार सोलंकी उसे लालू भाई आदि सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी कुछ दिन पूर्व जानी थाना क्षेत्र के एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अजाम दिया था। जहां चोरों ने अलमारी में से करीब 70हजार रुपए एक चांदी की चेन पायल और अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। पीड़ित ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने और उप निरीक्षक शिव कुमार ने चोरी का घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को दबोच लिया आरोपियों की पहचान अखिल पुत्र पिंटू, आकाश पुत्र मुकेश, स्माइल पुत्र नूर मोहम्मद निवासी जानी खुर्द के रूप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| 9411010546 | | |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर |
| 9458213331 | | |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती |
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |


# लैगिंक समानता सभी नागरिकों का आधारभूत मौलिक अधिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुकम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा दिनांक 19.08.2025 विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन ए०पी०एस० इन्टरनेशनल स्कूल, उझानी, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता किया गया। इसी कम में उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं की 04 टीमें गठित कर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्र श्री अथर्व, द्वितीय स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा वंशिका कुमारी, तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा प्रियान्शी कुमारी, चतुर्थ स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा आराध्या शर्मा, पंचम स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा जिज्ञासा कुमारी एवं षष्टम् स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्र श्री अक्षित जैन को श्रीमान ए०डी० जे०/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा प्रस्शति-पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से श्रीमती छवि वैश्य द्वारा अपने वक्तव्य में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी कम में श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं श्रीमती शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने संबंधी कानून के लागू होने से स्वतंत्रता के छ: दशक पश्चात् बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का सपना साकार हुआ है। यह कानून 1 अप्रैल, 2010 से लागू हुआ इससे बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 नाम दिया गया है। इस अधिनियम के लागू होने से 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अपने नजदीकी विद्यालय में नि:शुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा पाने का कानूनी अधिकार मिले हैं। इस अधिनियम की खास बात यह है कि गरीब परिवार के वे बच्चे, जो प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं, के लिए निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण को प्रावधान रखा गया है।



# ग्रीनवुड स्कूल का सी.बी.एस.सी. नॉर्थ जोन-1 बॉय्स हॉकी प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन

## ग्रीनवुड स्कूल का सी.बी.एस.सी. नॉर्थ जोन-1 बॉय्स हॉकी प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीनवुड स्कूल रामपुर ने सीबीएसई नॉर्थ जोन- 1 हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड राज्य के खटीमा में एस.एम.एस दत्ता मेमोरियल स्कूल में आयोजित हुआ। इस टूर्नामेंट में ग्रीनवुड स्कूल की दो टीमों ने भाग लिया, जिसमें अंडर- 14 की टीम फर्स्ट रनर अप रही। इसके अतिरिक्त ग्रीनवुड स्कूल की ही अंडर-17 टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रीनवुड स्कूल के प्रधानाचार्य एन.के.तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 14 से 17 अगस्त 2025 तक आयोजित की गई थी और इसमें ग्रीनवुड स्कूल की दोनों टीमों ने असाधारण प्रदर्शन किया। स्कूल की अंडर-14 टीम ने अपने सभी मैचों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।अपने पहले मैच में अंडर-14 टीम ने मल्लिकार्जुन स्कूल पिथौरागढ़ को 2 -0 से हराया। ग्रीनवुड की ओर से मकारम और अरमान दोनों ने एक-एक गोल किया। दूसरे दूसरे मैच में ग्रीनवुड की टीम का मुकाबला सनवे स्कूल रामपुर की टीम से हुआ जिसमें ग्रीनवुड स्कूल ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए सनवे स्कूल रामपुर को 5 - 0 से हराया। ग्रीनवुड स्कूल की ओर से उमर नें दो औरअंजर ने दो गोल किए। तीसरे मैच में अंडर- 14 का मुकाबला गुरुकुल स्कूल गाजियाबाद से हुआ और इसमें दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मजबूत विपक्षी टीम को गोल रहित खेल पर विवश कर दिया। फाइनल में ग्रीनवुड स्कूल की टीम का मुकाबला एस.एम.एस दत्ता खटीमा से हुआ




जिसमें दोनों टीमें 1 -1 से बराबर रही परंतु प्वाइंट टेबल के अनुसार ग्रीनवुड स्कूल की टीम फर्स्ट रनर अप रही। उधर दूसरी ओर ग्रीनवुड की अंडर-17 नें भी शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में सेकंड रनर अप की पोजीशन प्राप्त की। अंडर- 17 का पहला मुकाबला डीपीएस बरेली से हुआ और और यह मैच गोल रहित रहा। ग्रीनवुड स्कूल की टीम का दूसरा मैच गुरुकुल गाजियाबाद की टीम से हुआ और इसे ग्रीनवुड स्कूल की टीम ने 1 -0 से जीता। विजयी टीम की ओर से एकमात्र गोल बिलाल ने किया। टीम का तीसरा मैच जीकेजी गाजियाबाद से हुआ और इसमें दोनों टीम गोल रहित रही। सेमीफाइनल में अंडर- 17 टीम का मुकाबला सनवे स्कूल रामपुर से हुआ जिसमें ग्रीनवुड की टीम 2 -0 से हार गई। इस प्रकार इस लीग कम नॉक आउट मुकाबलों में ग्रीनवुड स्कूल की टीम सेकंड रनर अप रही टीम की इस सफलता पर ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और प्रधानाचार्य एन.के. तिवारी ने टीम के कोच मुर्तजा खान और सहायक कोच उबैद खान को बधाई दी और बच्चों के इस असाधारण खेल की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दोनों टीमों के इस शानदार प्रदर्शन पर पूरे स्कूल में हर्ष का माहौल है।

# रामडोल शोभायात्रा में सुंदर झांकियों ने लोगों का मन मोहा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** श्री सनातन धर्म सभा तथा श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नगर में रामडोल जुलूस निकाला गया।बेंड बाजे और सुंदर झांकियों के साथ निकाला गया रामडोल जुलूस विश्वनाथ मढ़ी मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ रामलीला मैदान में जाकर समाप्त हुआ। जहां मेले का आयोजन किया गया। रामडोल जुलूस का शुभारंभ मढ़ी मंदिर में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने किया।

इस अवसर पर रवि रुहेला, सनातन धर्मसभा के सभापति रामस्वरूप सैनी, रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह,आचार्य राजेंद्र सिंह राजू, संजय ठाकुर, गोकुल राम सैनी, अमित, प्रशांत, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष रोहित सैनी,डायरेक्टर केंद्रीय उपभोक्ता भंडार योगेश कुमार सैनी आदि मौजूद रहे। जुलूस में राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, रामदरबार, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, काली माता और हनुमान जी व सुदामा-कृष्ण आदि की झांकियां शामिल रहीं। जुलूस की व्यवस्था के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

रामलीला मैदान में मेले का आयोजन हुआ।जहां महिलाओं और बच्चों ने झूलों का आनंद लेने के साथ ही खरीदारी की।

# नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार

- **ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां द्वारा शिविर का उद्घाटन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजसेवी मामून शाह खां के आवास पर साहनी लायंस आई हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने किया।

घेर कलंदर खां में आयोजित नेत्र शिविर में डॉ यशेंद्र मोहन भारद्वाज ने सैकड़ों मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में सर्वाधिक मोतियाबिंद से पीड़ित लोग पहुंचे। उन्हें बिना टांके फेको विधि से लेंस प्रत्यारोपण के बारे में बताया गया। शिविर में मरीजों को दवाएं और चश्मे भी प्रदान किए गए। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि धूप और धूल से आँखों को बचाने के लिए चश्मा लगाएं। आंखों को ठंडे पानी से धोते रहें।

समाजसेवी मामून शाह ने कहा कि शिविर से गरीब अवाम को लाभ हासिल हुआ है। प्रत्येक माह में दो बार उनके आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने समाजसेवा के क्षेत्र में मामून शाह खां द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सना मामून के मीडिया प्रभारी सैयद फैसल हसन, एजाज हुसैन खां एडवोकेट, माजिद खां उर्फ राजा खां, रहमान अंसारी, आसिम एजाज, शैजी सैफी, सैयद मोहतशम मियां, शहरोज मंसूरी, राजेश कुमार, फूल साहब, इमरोज मंसूरी, खुशनूद खां, जैद रजा आदि मौजूद रहे।

# केएम विवि में हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण विश्व सभ्यता में विलक्षण लोक नायक हैं। श्रीकृष्ण के चरित में दर्शन के अनेक सूत्र उपस्थित हैं उनका स्मरण भक्ति और मुक्ति का द्वार है। उनकी लीलाओं में गहरा अर्थ और उद्देश्य निहित है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने केएम विश्वविद्यालय में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य रासलीला कार्यक्रम के दौरान कही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षधविवि के कुलाधिपति किशन चौधरी एवं उनके प्रतिनिधि देवी सिंह(डीएम) ने श्रीगणेश एवं सरस्वती देवी के चित्र के समक्ष




दीप प्रज्जवलित करके किया। वृंदावन से आए दानी शर्मा एवं पंकज खण्डेलवाल के निर्देशन में आदित्य, सोनू मोनू, अजय, नीतू, मोनिका राखी, राधिका आदि ने केएम विवि के परिसर स्थित मंच पर श्रीकृष्ण की माखन लीला, रास, हास्य परिहांस, नाट्य और चरकुला नृत्य, मयूर नृत्य व अन्य नृत्यों की भव्य प्रस्तुतियां दी। जिसका केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति सहित सैकड़ों की संख्या मे मौजूद लोगों ने ब्रज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का आनंद लिया। श्रीराधाकृष्ण की फूलों की होली के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवि के कुलपति डा.एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, वेटरिनरी के डीन डा. अजय प्रकाश, एसोसिएट डीन डा. पीताम्बर सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति, डा. ज्ञान सिकरवार, दीपक के अलावा पूर्व चेयरमैन सौंख भरत कुंतल, निरंजन सोलंकी, पुष्पेन्द्र सिंह मास्टरजी, प्रताप सिंह राणाजी, आरके पांडेय, देवेन्द्र सिंह उर्फ कलुआ मगोर्रा ग्राम प्रधान, गुलाब सिंह, चन्द्रपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह, नीरज पंडित सहित विश्वविद्यालय के सभी डीन, संकाय सदस्य, अधिकारी सहित सभी संकायों के छात्र—छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गैंगरेप प्रकरण के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अहार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से गैंगरेप व आत्महत्या के मामले में नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सोमवार की देर शाम एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर जानकारी हासिल की। बता दें कि क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी 9 अगस्त को घर के पास खेतों से पशुओं के लिए चारा लेने गयी थी। वहां पहले से मौजूद तीन युवक जबरन उसे गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप कर वीडियो बना लिया था।

# डीएम ने की शिक्षा-अनुश्रवण योजनाओं की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता मे बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को विभाग में चल रहीं योजनाओं को गति प्रदान करने एवं समय से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। विद्यालयों के कायाकल्प, डीबीटी पैंडेंसी, आधार बनाये जाने की प्रगति, जर्जर भवन तथा यू-डाइस पोर्टल पर समस्त डाटा को जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए। वंही शिक्षा इनिशिएटिव, शिव नाडर फाउंडेशन ओर से डीएम श्रुति ने सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों के लिए शिक्षा डिजिटल सामग्री और इसके उपयोग के लिए लैपटॉप वितरित किए गए। शिक्षा इनिशिएटिव ने प्रदेश के 34 जिलों के 3076 प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में एलीमेंट्री कार्यक्रम संचालित है। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा एक और दो में डिजिटल लर्निंग कंटेंट के माध्यम से पठन-पाठन कार्य बीते 15 वर्षों से संचालित है इसी क्रम में जिले के विकास खंड सिकंदराबाद में 30 चयनित विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम संचालित है। चयनित उक्त विद्यालयों के 13 विद्यालयों में शिक्षा इनिशिएटिव के प्रशिक्षित शिक्षक और 17 विद्यालयों में परिषदीय शिक्षक भी आईसीटी के सहयोग से शिक्षण कार्य में संलग्न हैं, तकनीकी शिक्षण अधिगम को जारी रखने के लिए संस्था द्वारा इन 17 विद्यालयों में लैपटॉप वितरित किए गए। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मीकान्त पाण्डेय, शिक्षा इनिशिएटिव, शिव नाडर फाउंडेशन के परियोजना निदेशक रोबिन सरकार और वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक ललितेंद्र भारतीय ने सरकारी प्रधानाध्यापकों को संस्था की ओर से तकनीकी शिक्षण अधिगम जारी रखने के लिए लैपटॉप प्रदान किए।

# डीएम ने की पोषण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** डीएम श्रुति की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने जल्द से जल्द आंगनबाडी केन्द्रो पर पंजीकृत लाभार्थियों की ई-केवाईसी तथा फेस कैप्चर की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। वर्तमान में जिले में 65 प्रतिशत लाभार्थियों का ही ई-केवाईसी तथा फेस कैप्चर पूर्ण हैं।

डीएम ने संभव अभियान की भी समीक्षा की गई। संभव अभियान माह जून 2025 से सितम्बर 2025 तक आयोजित कुपोषित बच्चों को प्रबंधन का अभियान है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रो में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन आईसीडीएस तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया जाता हैं। डीएम ने इस अभियान को शासन की मंशा के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जमीनी विवाद में भिडे दो पक्ष

**कोसीकलां।** निकासा स्थित राठौर नगर में जमीनी विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में ले थाना ले आयी। जानकारी के अनुसार निकासा स्थित राठौर नगर में करीब 400 गज जमीन खाली पडी है। राठौर नगर निवासी मुस्ताक, आषाराम जमीन पर अपना अपना दाबा करते आ रहे हैं। बताते हैं कि जमीन को आषाराम ने विक्रय किया था और मुस्ताक ने जमीन को खरीदा था। मुस्ताक का कहना है कि जमीन तकरीबन 400 गज थी और वैनामा सिर्फ और सिर्फ 375 गत का किया गया है, लेकिन मजे की बात यह है कि किसी भी व्यक्ति के पास जमीन के कोई कागजाद मौजूद नहीं है। मंगलवार को इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद में दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी। विवाद की सूचना पर दोनों पक्षो के करीब आधा दर्जन लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया और थाना ले आयी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद निर्वाल ने बताया कि दोनो पक्षों ने दो दिन का समय मांगा हैं। यदि दो दिन के अंदर दोनों पक्षों का कोई परिणाम नहीं निकलता है, तो कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## पूर्व में भी भिड चुके हैं दोनों पक्ष

कालोनी के लोगों की मानें तो उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों मे कई बार विवाद हो चुका है। पूर्व में हुए विवाद में नगर पालिका ने भी जमीन पर अपना दाबा किया था, तत्पष्चात प्रषासन ने सभी को समझाकर मामला शांत करा दिया था और जमीन से संबधित कागजाद दिखाने का आदेष दिया था, लेकिन मुस्ताक हो या आषाराम, या फिर नगर पालिका परिषद हो। जमीन से संबधित कोई भी कागज किसी के पास नहीं है।

# यमुना का देखने को मिल रहा है रौद्र रूप

**मथुरा।** दिल्ली से छोड़े गए यमुना में पानी का असर अब मथुरा में दिख रहा है। यहां यमुना अपने रौद्र रूप में नजर आ रही है। खतरे के निशान से 33 सेमी नीचे बह रही यमुना का पानी सड़कों पर हिलोरे मार रहा है। यमुना अब कई गांवों के स्कूल और मंदिरों तक पहुंच गई है। वहीं यमुना के खादर क्षेत्र के निवासियों में यमुना से बाढ़ का खतरा की बढ़ती चिंता से हाल बेहाल है। लोगों की रात्रि की नींद गायब हो गई है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार ने बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत वृंदावन स्थित केशीघाट का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे यमुना जी के बढ़ते जल स्तर से दूर रहें। प्रशासन ने नावों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि घबराने जैसी कोई जरूरत नहीं है जो जरूरी एहतियाती कदम हैं उन सभी पर काम किया जा रहा है।

# मुठभेड़ में लुटेरे को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले के खुर्जा थाना देहात क्षेत्र में मंगलवार को गांव माछीपुर के रजवाहे के निकट पुलिस और बाइक सवार दो लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस फरार लुटेरे की तलाश कर रही है। सीओ खुर्जा पूर्णिमा सिंह ने बताया कि खुर्जा देहात पुलिस माछीपुर गांव के रजवाहे के निकट संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया। पुलिस को देख उन्होंने बाइक को तेजी से मोड़कर अगुवाल फ्लाईओवर के नीचे किर्रा मोड़ की तरफ भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बदमाशों का पीछा कर घेराबन्दी की। पुलिस से खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की ओर से की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। घायल बदमाश की पहचान जुनैद पुत्र जहीर निवासी निकट भंगीवाला पुल मोहल्ला नरसलघाट थाना कोतवाली नगर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

**ई-निविदा सूचना** **दिनांक:** 14.08.2025

अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 12/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड-रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के सापेक्ष भविष्य में विभिन्न कार्यों को कराने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)।
प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 20,000.00
2. 13/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खंड-रामपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, रामपुर के कार्यक्षेत्र में 11 केवी लाईनों को क्षतिग्रस्त स्टील पोलों की वेलडिंग करना, टेढ़ें पोलों को सीधा करने का कार्य एवं 11 केवी लाईनों को सुदुढ़ीकरण करने का कार्य।
प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00, धरोहर राशि रू. 2000.00
3. 14/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड-बिलासपुर रामपुर के अन्तर्गत एन.एच.ए.आई. द्वारा 33/11 केवी डिबडिबा लाईन सड़क को कॉस कराने हेतु अण्डरग्राण्ड क्षतिग्रस्त केबिल को बदलने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00, धरोहर राशि रू. 2000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:**- 01.09.2025 11:00 **बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic-in/ पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विविमं,रामपुर**

**हम अपने कर्मचारियों को महत्व देते हैं।**
**हम अपने पेंशन प्राप्तकर्ता का ध्यान रखते हैं।**

**उत्तर रेलवे द्वारा पेंशन अदालत**

**का आयोजन 15 दिसम्बर 2025**

उत्तर रेलवे के अधीन सभी कार्यालयों जैसे प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली तथा सभी मंडल कार्यालयों पर पेंशन प्राप्तकर्ताओं के लिए पेंशन अदालत दिनांक **15 दिसम्बर 2025** को आयोजित की जायेगी।

**पेंशन अदालत के लिए अभ्यावेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 31.10.2025 तक है।**

**पेंशनर**

- उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी–प्र0का0/II को प्रेषित करें।
- मण्डल कार्यालय तथा म0रे0प्र0 के अधीन कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित प्र0म0का0 अधि0 को प्रेषित करें।
- कारखाना से सेवानिवृत्त हुए हैं – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित मण्डल कार्यालय को प्रेषित करें।

**सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित उप मु0का0अधि0 / प्र0का0 II / व0म0का0अधि0 / उप मु0का0अधि0 एवं प्र0का0अधि0 / कारखाना से पत्राचार करें तथा लिफाफे पर पेंशन अदालत–2025 अवश्य लिखें।**

**उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय के उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0) और वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारियों के पते नीचे दिए जा रहे हैं :–**

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / प्र0का0–II**
उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली–110055

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर –182001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, त्रिकुटानगर, जम्मू – 180004

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे हज़रतगंज, लखनऊ–226001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे रेल विहार, अम्बाला कैन्ट–133001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे (रेलवे स्टेडियम के निकट), मुरादाबाद–244001

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2385/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भगवान गणेश की वंदना से छठी महोत्सव आरंभ, निकाली भव्य पालकी यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री कृष्णा छठी महोत्सव का शुभारंभ भगवान श्री बांके बिहारी और राधा सरकार की पालकी यात्रा निकाल कर किया गया। जिसमें भक्तों ने जमकर नृत्य कर होली खेली वहीं शाम को 17वे श्री कृष्णा छठी महोत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया।



18वा श्री कृष्णा छठी महोत्सव के पहले दिन छठी महोत्सव के आरंभ में भगवान श्री बांके बिहारी की अतिथि गणों ने अतिथि गणों ने आरती कर तिलक किया और उसके बाद अतिथियों को मंच की परंपरा के अनुसार महोत्सव की मुख्य संयोजि. का श्रीमती कल्पना सक्सैना और कोषाध्यक्ष राज सक्सेना नाम मुख्य अतिथि श्री घनश्याम सिंह लोधी पूर्व एमपी,विशिष्ट अतिथि युवा व्यापारी नेता सुदेश यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित, डॉ विक्रांत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया उसके बाद छठी महोत्सव में भगवान शिव विवाह की लीला को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया गया इसके बाद भगवान श्री गणेश की उत्पत्ति, गणेश वंदना और वासुदेव देव की विवाह की लीला को वैष्णवी कला मंच के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। छठी महोत्सव के पहले दिन ज्ञानदीप जूनियर हाई स्कूल और आदर्श जूनियर हाई स्कूल की छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण की सुंदर सी झांकियां प्रस्तुत कर महोत्सव में मौजूद लोगों का मन मोह लिया।

इससे पहले सुबह छठी महोत्सव के पदाधिकारी व सदस्यों ने भगवान श्री बांके बिहारी और राधा सरकार की भव्य पालकी यात्रा कृष्ण मंदिर से आरती के साथ आरंभ की पालकी यात्रा को कृष्ण मंदिर से अगापुर रोड शाहाबाद रोड सब्जी मंडी होते हुए राजा टेक्सटाइल छठी महोत्सव स्थल बकर स्कूल पर संपन्न कराया गया इस छठी महोत्सव की पालकी यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा जमकर नृत्य किया गया और गुलाल की होली खेली गई इस बार की यात्रा को श्री चित्रगुप्त पीठ के प्रांत अध्यक्ष प्रिंस श्रीवास्तव और छठी महोत्सव की मुख्य आयोजिका कल्पना सहायक सक्सेना ने झंडा दिखा करके रवाना किया। इस मौके पर इमरान खान, सुरेंद्र सैनी ,समीर सक्सेना, अभय कुमार ,राज यादव, अभिषेक कुमार , दीपू कश्यप,रविंदर सिंह रवि,विशाल कुमार,सरदार लक्की सिंह, सचिन कुमार, आशीष सक्सेना, राजीव सिंह,राजीव सक्सैना,हिमांशु सक्सेना आदि प्रमुख कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं मंच का संचालन छठी महोत्सव और शिव महादेव मंदिर जीणोद्धार समिति के संरक्षक रवि किशन सक्सेना द्वारा किया गया।

# बाइक सवारों को डंपर ने मारी टक्कर मामा की मौत, भांजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** धमोरा थाना शहजादनगर क्षेत्र के निर्माणाधीन जीरो पाइंट पर मंगलवार की दोपहर बाइक सबार को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर लघुलुहान हो गए। शाहजादनगर निवासी 23 वर्षीय तनवीर पुत्र जमीर खान दिल्ली में रहकर काम करते हैं उनकी लगभग 1 वर्ष के पूर्व थाना क्षेत्र के पुराना गांव निवासी मुस्कान से शादी हुई थी वह इन दिनों दिल्ली से काम करके अपने गांव शहजाद नगर आए हुए थे। किसी काम से बाइक पर सवार होकर भांजे तोहिद निवासी लखनाखेड़ा के साथ रामपुर गए थे वह वहां से वापस अपने



घर लौट रहे थे। घर के पास जीरो पाइंट पर पहुंचते ही तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह रोड पर जा गिरे और लघु लोहान हो गए। घटना की जोरदार आवाज सुनकर मौके पर लगी भीड़ ने इनके स्वजनों तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने तनवीर को मृत घोषित कर दिया।

22 वर्षिय तोहिद पुत्र जरीफ को गंभीर बताते हुए भर्ती कर लिया है। मृत्यु की सूचना मिलते ही पत्नी मुस्कान तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी हरेंद्र यादव ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर मोर्चरी जिला अस्पताल रामपुर में रखवा दिया गया है पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा घटना की तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सैफनी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में बंटी पुत्र रमेश 22 वर्ष निवासी ग्राम मल्लपुर जन्नु थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के द्वारा आवेदक चंद्रकेश सागर पुत्र रामप्रसाद सागर निवासी ग्राम शाहपुर देव थाना शाहाबाद जनपद रामपुर के साथ थाना हाजा पर प्रार्थना पत्र देने की बात को लेकर आमदा फसाद करने को उतारू होने पर अंतर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय शाहाबाद भेजा।

# चंद्रपुरा खुर्द गांव में आवागमन बंद, नदी ने रास्ता काटा, ग्रामीणों ने की पुल बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा खुर्द में आवागमन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव का मुख्य रास्ता पूरी तरह से कट गया है। पहले ग्रामीण बेरुआ की तरफ से आते-जाते थे।इस वर्ष रामगंगा नदी की धारा बदल गई है। राझेडा नदी अब चमरा और चंद्रपुरा खुर्द के क्षेत्र को काटती हुई बह रही है।

इस कारण बेरुआ की तरफ का रपटा पुल पूरी तरह नष्ट हो चुका है। स्थिति यह है कि बीमार व्यक्तियों को टीपों पर बैठाकर नदी पार करवाना पड़ता है। यह काफी जोखिमभरा है। गांव के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। नदी की धारा आगे चलकर



चंद्रपुरा खुर्द गांव को भी काट सकती है।

इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जोगिंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने गांव को तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए बेरुआ की तरफ पक्का पुल बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में प्रदीप शर्मा, राजपाल और सोनू मोहर सिंह समेत ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# बाल न काटने के साथ जाति सूचक शब्द बोलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/ रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रवाने गांव का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें उमेश बाल्मीकि पुत्र मसीचरन बाल्मीकि का आरोप है। कि उसके छोटे-छोटे तीन बच्चे रविवार की सुबह गांव में ही महबूब पुत्र मेहमूद की हेयर कटिंग की दुकान पर बाल कटवाने गए थे। जैसे ही बच्चे महबूब की दुकान पर पहुंचे। तभी उक्त महबूब ने बच्चों को यह कहते हुए अपनी दुकान से भगा दिया कि वह भंगियों के बाल नहीं काटता हे।इसके बाद पीड़ित अपने बच्चों को स्वयं लेकर महबूब की दुकान पर पहुंचा तो उक्त महबूब ने पीड़ित के साथ भी अपनी दबंगई दिखाते हुए। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# रक्तदान कर करें किसी को जीवन दान: उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** मंगलवार को किसान नेता उस्मान अली पाशा ने किया रक्तदान। किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने आज अपनी इच्छा से वरदान ब्लड बैंक जाकर रक्तदान किया इस अवसर पर उन्होंने कहा रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती और यह किसी को जीवन दान देने के काम आता है हम सभी को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सागर, विनोद कुमार, सुनील कुमार सक्सेना, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद फैजान, शाहाब खान, फिरोज खान, बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रीनवुड स्कूल के विद्यार्थी दिल्ली में हुए स्वर्ण पदक से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीनवुड स्कूल के तीन सर्वोत्तम विद्यार्थियों को लायंस ओलंपियाड दिल्ली ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। लायंस ओलंपियाड दिल्ली द्वारा ग्रीनवुड स्कूल के तीन होनहार विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह तीनों बच्चे इस वर्ष संपन्न हुई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स रहे थे। इन तीनों मेधावी छात्र- छात्राओं के नाम निम्नलिखित हैं।

1-ताबिश अमीन, 2-तान्या ठाकुर, 3-मुन्तहा ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और





प्रधानाचार्य एन.के.तिवारी ने विद्यालय के तीनों विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है यह विद्यार्थी अपनी मेहनत समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर सम्मानित हुए हैं।

उनकी इस उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का अटूट समर्थन और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन भी शामिल है उन्होंने इन प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

# बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाकर एसडीएम के निर्देशन में की कृषि भूमि कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** राजस्व प्रशासन ने बकायादारों पर अभियान चलाकर कृषि भूमि कुर्की की कार्रवाई की कई बकायदार तो टीम को देखकर फरार हो गए बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है। उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया के निर्देशन में वसूली को लेकर बकायदारों के खिलाफ आज अभियान चलाया गया। इसके तहत केनरा बैंक क्रमचा के बकायदार के बकायदार रहपुरा निवासी सरदार दलजीत सिंह पुत्र गुरु वचन सिंह को बकाया 1131030:00 जमा ना करने पर उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 473,475 और481 मे उसके हिस्से की कुर्क कर झड़ी लगा दी जिसकी बाद में नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। रहपुरा के ही प्रथमा बैंक के



552687:00 के बकायेदार तुलाराम पुत्र डालचंद को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो वह फरार हो गया। स्टांप देय 25000,00 के बकायदार नगर के मोहल्ला अस्दुल्लापुर निवासी विनोद गुप्ता से भी वसूली की गई। राजस्व प्रशासन के इस वसूली अभियान से क्षेत्र के बाकायदारों में हड़कंप मच गया वहीं ग्राम रहपुरा में राजेश प्रशासन की टीम द्वारा लाउडस्पीकर पर अनाउंसमेंट करके बकाया दारों से जल्द से जल्द बकाया जमा करने का आदेश दिया गया है। बकाया जमाना करने पर संपत्ति कुर्क की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस टीम में नायब तहस. ीलदार अंकित अवस्थी, अमीन इकरार अहमद, हल्का लेखपाल अभिषेक शर्मा,अमीन त्रिवेणी सिंह, क्रमचा केनरा बैंक के प्रबंधक जयदेव सिंह और फील्ड ऑफिसर शशांक मिश्रा आदि थे।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र जितेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी प्रीति को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह दोनों स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।

**दरियाब सिंह**
**पुत्र श्री स्व.मुंशी सिंह**
**निवासी १८६ गली नं.३ कृष्णा बिहार कॉलोनी ज्वाला नगर रामपुर।**

## न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी.डि. ), रामपुर

**उत्तराधिकार वाद संख्या 95/2025**

जगजीत सिंह पुत्र श्री हरकिशन सिंह निवासी 40, बी.पी. कॉलोनी, सिविल लाइंस, तहसील सदर, जिला रामपुर।

......प्रार्थी

बनाम

1. श्रीमती दविन्द्र कौर पत्नी श्री स्व. हरकिशन सिंह
2. सतविन्दर सिंह पुत्र श्री स्व. हरकिशन सिंह
3. श्रीमती हरविन्दर कौर पुत्री श्री स्व. हरकिशन सिंह समस्त निवासीगण 40, बी.पी. कॉलोनी, सिविल लाइंस, रामपुर
4. आम जनता

.........विपक्षीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

क्योंकि जगजीत सिंह पुत्र स्व. हरकिशन सिंह निवासी 40, बी.पी. कॉलोनी, सिविल लाइंस, तहसील सदर, जिला रामपुर के द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र इस आश्य से प्रस्तुत किया है कि स्व. हरकिशन सिंह पुत्र स्व. जमुनाद. ास जो कि प्रार्थी के पिता थे, का स्वर्गवास दिनांक 09.01.2025 को हो गया है, के नाम सावधि जमा रसीद, आई.सी.आई. सी.आई. बैंक रामपुर खाता सं. -066913002462 दिनांक 23.02. 2021 रुपये 2,91,811/- + ब्याज व खाता सं.-066913001953 दिनांक 19. 03.2020 रुपये 4,88,690/- + ब्याज व खाता सं.-066913001901 दिनांक 13. 03.2020 रुपये 5,49,389/-+ ब्याज व खाता सं.-066913004231 दिनांक 04. 03.2023 रुपये 8,58,910/ ब्याज व सावधि जमा रसीद, आई.सी.आई.सी. आई. बैंक बुलन्दशहर खाता सं. -191613002009 दिनांक 09.03. 2020 रुपये 97,500/-+ ब्याज व खाता सं.-191613003702 दिनांक 18.02. 2022 रुपये 48,000/- + ब्याज व खाता सं.-191613002747 दिनांक 03.03. 2021 रुपये 44,000/- + ब्याज, व खाता सं.-191613005037 दिनांक 04.03. 2023 रुपये 68,000/-+ ब्याज, व खाता सं.-191613006249 दिनांक 05.02. 2024 रुपये 74,500/- ब्याज व खाता सं.-628613052399 दिनांक 10.03. 2023 रुपये 10,09,500/- + ब्याज व सावधि जमा रसीद, इण्डसिंड बैंक गाजियाबाद खाता सं.-300818022486 दिनांक 08.03.2021 रुपये 3,42,526/-+ ब्याज प्राप्त करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण प्राप्त जारी किये जाये।

अत: इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनांक 27.08.2025 को प्रात: 10:00 बजे प्रस्तुत करें तारीख गुजरने के बाद किसी की आपत्ति सुनी नही जायेगी और आदेश उघ्द्घोषित किया जायेगा।

**सिविल जज ( व.ख. )**
**रामपुर।**

# जल संरक्षण को लेकर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओ को जल संरक्षण की अध्यापको द्वारा जानकारी दी गई जल संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वरिष्ठ अध्यापक मिठाई लाल तथा विपिन कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए छात्रो को बताया कि ऊसर भूमी मे गड्ढे बनाकर वर्षा के जलको एकत्र कर के संरक्षित किया जा सकता है। वही करूणा चौहान ने छात्रो को जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण के लिए छात्रो को प्रतीबध होना पड़ेगा तथा छोटे छोटे संकल्पो को जीवन मे उतारना पड़ेगा विधालय के अध्यापक डॉक्टर योगेश चन्द्र परगाई ने छात्रो को बताया कि जल ही



जीवन है हमारे छोटे छोटे प्रयास समाज को जागरूक करने मे सहायक होगे सूरज सिंह ने एक उधारण के माध्यम से जल संरक्षण हेतू छात्रो को जागृत किया विधालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने जल संरक्षण हेतू विधार्थीयो के प्रयासो की सराहना करते हुए कहा कि आपके यह प्रयास अवश्य ही समाज को जागरुक करेंगे छात्र अपने घरो ग्रामो व समाज मे जागरूकता पैदा करने का काम करेंगे अब यह जिम्मेदारी छात्र छात्राओ की होगी। कार्यक्रम का संच. ालन विजय यादव ने किया कार्यक्रम मे तुफेल अहमद, सूरज सिंह, योगेश चन्द्र, करूणा चौहान, दिनेश सिंह,मिठाई लाल, विपिन चौहान, आदी अध्यापक मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर ।** मंगलवार शाम को स्टेट बैंक मुख्य शाखा रामपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रामपुर यूनिट की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें मुख्य शाखा से ट्रांसफर होने के कारण संगठन के रिक्त हुए पदों पर पुन: चयन हेतु विचार विमर्श किया गया। हमारे संगठन के लखनऊ मंडल के महासचिव डॉक्टर डी के सिंह की महिला महिला शक्ति को आगे बढ़ाने की विचारधारा को ध्यान में रखते सर्वसम्मति से तनु राज सक्सैना को अध्यक्ष अनुराधा सिंह को उपाध्यक्ष उत्कर्षा सिंह को सचिव अपूर्वा जैन को उपसचिव शिवानी को कोषाध्यक्ष एवं कु. निशा को सर्कल डेलीगेट चुना गया । इस अवसर पर नवनियुक्त शाखा सचिव उत्कर्षा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह संगठन की एकता को मजबूत करने तथा सदस्यों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए




अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य करेंगी। क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने कहा महिला शक्ति को मजबूती देने की महासचिव डॉ डी के सिंह की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए रामपुर यूनिट का गठन किया गया है और इसमें सभी पदाधिकारी हमारी महिला साथी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई यूनिट के गठन से रामपुर में संगठन पहले से भी मजबूती से कार्य करेगा। उन्होंने नए सदस्यों अर्चना सिंह, प्राची सैनी एवं वंशिका राठी का रामपुर यूनिट की मीटिंग में पहली वार भाग लेने के लिए स्वागत किया। आज की मीटिंग में बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्यों ने भाग लिया।

# शाहबाद सीएचसी केंद्र पर महिलाओं की नसबंदी कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को शाहबाद सीएचसी पर नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 23 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। इस दौरान 17 महिलाओं की नसबंदी की गई वही 6 महिलाओं में हेपेटाइटिस बी के लक्षण होने के चलते उनकी नसबंदी नहीं की गई। मुरादाबाद के जिला अस्पताल से आए नसबंदी विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र सिंह ने 17 महिलाओं की नसबंदी की। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ राजीव चंदेल, परिवार नियोजन कार्यक्रम मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, स्टाफ नर्स रामसती, स्टाफ नर्स सबा खा, शाजिया निगार आदि रहे।

# डग्गामार बसें पहुंचा रही हैं सरकार को लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी खुलेआम दौड़ रही हैं शाहबाद से दिल्ली को डग्गामार बसें शाहाबाद नगर से लगातार दिल्ली को लगभग दो दर्जन से अधिक डग्गामार बसे दौड़ रही हैं जिससे उत्तर प्रदेश सरकार को लगभग लाखों रुपए रोज का नुकसान पहुंच रहा है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा साफ-साफ निर्देश दिनांक 13 मई 2022 को दिये जा चुके हैं कि किसी भी हालत में डग्गामार वाहन एवं बसें चलना नहीं चाहिए उसके बाद भी रामपुर जिले का परिवहन विभाग मुख्यमंत्री के आदेशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। शाहबाद से दिल्ली को डग्गामार बसें सुबह 7:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक



खुले आम संचालन करा रहा है जिसका मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह के द्वारा उठाया गया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर शिकायत की गई और एक पत्र रामपुर के जिला अधिकारी को भी भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि यह डग्गामार बसो के संचालक पूर्व सरकार के हितेषी लोग हैं और जो खुलेआम उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों की अवहेलना करके शाहबाद से दिल्ली को डग्गामार बसों को चलवा कर लाखों रुपये रोज का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन बसों के स्वामियों को बसों पर होने वाली कार्रवाई से पहले ही पता चल जाता है कि जिले से परिवहन अधिकारी शाहबाद को डग्गामार बसों पर कार्रवाई करने पहुंच रहे हैं या तो परिवहन विभाग के सूत्र डग्गामार बसों के स्वामियों को सूचना दे देते हैं या फिर डग्गामार बसों के स्वामियों के सूत्र परिवहन विभाग के अधिकारियों से राफता कायम करके जानकारी निकाल लेते हैं जिससे कि परिवहन विभाग के अधिकारियों के पहुंचने से पहले पहले ही शाहबाद से दिल्ली चलने वाली डग्गामार बसों को रोक दिया जाता है और परिवहन विभाग के अधिकारी जब शाहबाद से वापिस चले जाते हैं तो शाहबाद से दिल्ली के लिए डग्गामार बसो का संचालन फिर से करा दिया जाता है। यह आंख मिचौली का खेल लगातार कई सालों से शाहबाद में चल रहा है मगर आज तक कोई भी परिवहन अधिकारी इन डग्गामार बसों पर कोई कार्यवाही नही की है जिससे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशों का उल्लंघन परिवहन विभाग के द्वारा खुलेआम किया जा रहा है। जबकि सत्ताधारी पदाधिकारी ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह के द्वारा इन डग्गामार बसों पर कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र भी दिए जा रहे हैं अब देखना यह है कि दिए जा रहे शिकायती पत्रों पर जिला रामपुर के परिवहन विभाग के अधिकारी शाहबाद से चल रही इन डग्गामार बसों पर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर मामले को टालमटोल कर दिया जाता है।

संक्षिप्त खेल समाचार

## रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**केर्न्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका 19 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में तेज गें. दबाज कैगिसो रबाडा के बिना खेलेगा। यह तेज गेंदबाज अपने दाहिने टखने में सूजन के कारण बाहर है। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय रबाडा का सोमवार (18 अगस्त) को स्कैन हुआ था, जिसमें चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह अब ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। केर्न्स में होने वाले पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और वियान मुल्डर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को चुना है। अगले दो मैच 22 और 24 अगस्त को मैके में खेले जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ा केशव का पंजा

**केर्न्स, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40-5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले महराज का करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान ने 96 गेंदों में 10 चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन बनाये। बेन ड्वारशिवस ने 33 और हेड ने 27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 60

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

### सूर्यकुमार यादव कप्तान, शुभमन गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी बनाए गए हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के



तौर पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा तेज गें. दबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं। गिल की वापसी के संदर्भ में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (शुभमन गिल) टीम की अगुवाई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उपकप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त हो गए लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है। शुभमन गिल भारत की टी-20 टीम में वापस आ गए हैं और सीधे नेतृत्व की भूमिका में आ गए हैं। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज को एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप में पिछला मैच न खेलने के बाद यह उनकी वापसी है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वह अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ तीन प्रमुख सलामी बल्लेबाजों के रूप में शामिल हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो गए हैं। सैमसन और अभिषेक द्वारा बांग्लादेश, दक्षिण अप्रफीका और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गिल की जगह इस प्रारूप में संदिग्ध थी। लेकिन गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने आईपीएल 2025 में 155-87 के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।


कार्लोस अल्काराज


इगा स्वियाटेक

# पाक हॉकी एशिया कप से हटा

- **ओमान ने भी नाम वापसी लिया, बांग्लादेश व कजाकिस्तान को मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है।

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रा में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था।

हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

## पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी सितारों अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान को पिछले 12 महीनों में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है और उन्हें 2025/26 के लिए टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची में पदोन्नति मिली है। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा आज जारी की गई नवीनतम अनुबंध सूची में श्रेणी बी में पदोन्नति हासिल की। 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए कुल 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 10 खिलाड़ी श्रेणी बी में सूचीबद्ध हैं।

# अल्काराज-इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन

- **कार्लोस अल्काराज ने जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से खिताब जीता**
- **इगा स्वियाटेक ने महिला एकल के फाइनल में इटली की जैस्मीन को 7-5, 6-4 से हराया**

**सिनसिनाटी, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज को 2025 सिनसिनाटी ओपन चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब जैनिक सिनर को फाइनल में रिटायर होना पड़ा, क्योंकि वे सिर्फ पांच गेम के बाद 5-0 से पिछड़ रहे थे।

कार्लोस अल्काराज ने सोमवार (18 अगस्त) को जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से 2025 सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीत लिया। अंतिम स्कोर 5-0 रहा। सीजन का उनका चौथा फाइनल मुकाबला, यह मैच जल्द ही पलट गया। 2025 सीजन के चौथे फाइनल मुक. ाबले की शुरुआत अच्छी रही क्योंकि आमतौर पर स्थिर रहने वाले सिनर ने अपना पहला सर्विस गेम लव पर गंवा दिया। अल्काराज ने लगातार चार और गेम जीते, इससे पहले कि इताल. वी खिलाड़ी ने चेंजओवर के दौरान ट्रेनर को बुलाया। कुछ ही मिनटों बाद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैच से रिटायर हो गए। दोनों खिलाड़ी - जो अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद ले रहे थे - आपस में लिपट गए, अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के गले में हाथ डाला और सिनर के स्वास्थ्य को लेकर लचतित दिखे। सिनर ने ट्रॉफी समारोह के दौरान दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपको निराश करने के लिए मुझे बहुत, बहुत दुख है। कल से, मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा था कि रात में मैं बेहतर हो जाऊंगा, लेकिन हालत और बिगड़ गई। मैंने वापसी की कोशिश की, इसे कम से कम एक छोटा मैच बनाने की को. शिश की, लेकिन मैं इससे ज्यादा नहीं झेल सका। अल्काराज और सिनर दोनों को यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप में खेलना है।

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। लवबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

# विश्व कप टीम में शेफाली को जगह नहीं





- **प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई है, रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की**

**मुंबई, वार्ता।** महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश की युवा तेज गें. दबाज़ क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।

## विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह,अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**वर्ल्ड कप में भारत के मुक़ाबले**

बनाम श्रीलंका - 30 सितंबर 2025
बनाम पाकिस्तान - 5 अक्टूबर
बनाम दक्षिण अफ्रीका- 9 अक्टूबर
बनाम ऑस्ट्रेलिया - 12 अक्टूबर
बनाम इंग्लैंड - 19 अक्टूबर 2025
बनाम न्यूजीलैंड - 23 अक्टूबर
बनाम बांग्लादेश - 26 अक्टूबर

## फाइनल में जगह बनाने के लिए ईस्ट बंगाल का मुकाबला डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप का सेमीफाइनल चरण कोलकाता में रोमांचक मोड़ पर है, जहां एक बदली हुई और आत्मविश्वास से भरी ईस्ट बंगाल टीम बुधवार को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से भिड़ेगी। यह मुकाबला शाम 7 बजे कोलकाता के प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

ईस्ट बंगाल ने क्वार्टरफाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि डायमंड हार्बर एफसी ने आईएसएल क्लब जमश. ेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सबको चौंका दिया। हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की अगुआई में ईस्ट बंगाल ने हालिया वर्षों की कमजोरियों को पीछे छोड़ दिया है। कोच बनने के बाद पहली बार उन्होंने मोहन बागान के खिलाफ डर्बी जीत दर्ज की, जिससे टीम का आत्मविश्वास चरम पर है। ब्रुजोन ने मैच से पहले कहा कि डायमंड हार्बर एक बेखौफ टीम है। वे डेब्यूटेंट हैं लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जुझारूपन दिखाया है। इस तरह की टीमों को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। हमने डर्बी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वो इतिहास हो चुका है। हमें उसी ऊर्जा और फोकस के साथ इस सेमीफाइनल में उतरना होगा। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0, नमधारी एफसी को 1-0 और इंडियन एयर फोर्स को 6-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। मोहन बागान के खिलाफ डर्बी में दिमित्रियोस डाइमंटाकोस दो गोल दागकर हीरो बन गए।

## जूनियर विश्व नंबर-1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम विश्व तेज भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

- **सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडलमटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो- चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा।

## ओम पवार और संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

**नोएडा, वार्ता।** यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

# मनु के कांस्य के बाद रश्मिका को स्वर्ण पदक

- **मनु ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/ शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया।

रश्मिका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद, रश्मिका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता - उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रश्मिका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमश: तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10-5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रश्मिका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गईं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10-9 का स्कोर सोने पर सुहागा था। सोमवार से भारत ने सीनियर पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में एक व्यक्तिगत कांस्य, एक टीम रजत और एक टीम कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत जूनियर स्वर्ण पदक भी जीते हैं, जिसमें सोमवार को कपिल बैंसला ने पहला स्थान हासिल किया, और मंगलवार को रश्मिका सहगल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जहां कपिल ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता, वहीं रश्मिका ने महिला जूनियर टीम प्रतियोगिता में अपनी साथी वंशिका और मोहिनी की मदद से स्वर्णिम डबल पूरा करने में सफलता प्राप्त की। जोनाथन गेविन एंटनी ने भी जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, जबकि गिरीश गुप्ता ने युवा पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण और देव प्रताप ने युवा पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता।



# सम्पादकीय

बुधवार, 20 अगस्त 2025

## कांग्रेस का ग्राफ बढ़ेगा

वोटों की चोरी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार तेजी से जारी है, हाल के वर्षों में राहुल की ये तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि वोट अधिकार यात्रा से बिहार में उसकी स्थिति बदलेगी। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अब वोट अधिकार यात्रा, ये वो यात्राएं हैं जिसमें दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और एक निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो और न्याय यात्रा को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी ने जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे उनमें से 41 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि न्याय यात्रा 82 सीटों से होकर गुजरी थी। यानी कुल 153 सीटों से ये दोनों यात्रा होकर निकली थी, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्रा बिहार में भी थी। सात सीटों पर ये पहुंची थी, इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की।वहीं, उसके विपक्षी सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्रा बिहार में सफल रही थी। वहीं देशभर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी वो 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनने का अधिकार भी मिला। कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है। इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिए हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए वोट अधिकार यात्रा 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गई है। राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 8 सीटों पर जीत मिली थी। यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। 2020 में बिहार में 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआइ एमएल को 12, एआइएमएम को 5, सीपीआई को 2, सीपीएम को 2, बसपा को 1, हम को 4, लोकजनशक्ति पार्टी को 1, विकासशील इंसान पार्टी को 4 सीटों पर मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का भी प्रयास करेंगे।

## राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे



आने वाले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन की मजबूत सरकार और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे, भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों का वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं, लोकसभा में जीवित सदस्यों को अब मृत घोषित कर दिया गया है, यह सब एक साजिश का हिस्सा लगता है, उन्हें लगता है कि बिहार को आसानी से चूना लगा देंगे, लेकिन मोदी जी यह नहीं जानते कि हम बिहारी हैं, हमारा बिहार सब पर भारी है, हम लोग चूना में खैनी में मिलाकर रगड़ दिया करते हैं, चाहे कोई भी जाति, वर्ग या धर्म से हो, हम नया बिहार बनाएंगे, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

**-तेजस्वी यादव, वरिष्ठ राजद नेता**

## मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण





श्वेता गोयल

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं, इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ 'विश्व मच्छर दिवस' मनाया जाता है।

20 अगस्त को ही यह दिवस मनाने का कारण यही है कि 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने इसी दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जिसके काटने से मलेरिया होता है। यह पहली बार था, जब किसी डॉक्टर ने मच्छर और मलेरिया के बीच संबंध स्थापित किया था और उनकी उस खोज ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार खोजने में मदद की। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मच्छरों के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 20 अगस्त 1897 से ही इस दिन की शुरुआत हुई। मलेरिया से जुड़ी महत्वपूर्ण खोज के कारण ही डा। रोनाल्ड रॉस को 1902 में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 'विश्व मच्छर दिवस' का विषय है 'अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना' जो विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह मलेरिया नियंत्रण में प्रभावी हस्तक्षेपों को बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। मलेरिया सबसे आम लेकिन जानलेवा वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, जिसके माध्यम से परजीवी रक्त प्रवाह में प्रवेश करता है। यह ऐसी परजीवी बीमारी है, जो अफीका और दक्षिण एशिया जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है। हालांकि समय पर निदान और उपचार जटिलताओं को रोक सकता है तथा कई लोगों की जान बचा सकता है। जब कोई मच्छर मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को काटता है तो वह मच्छर भी संक्रमित हो जाता है, फिर यह संक्रमित मच्छर अपने काटने से परजीवी को स्वस्थ व्यक्ति में फैला सकता है, जिससे बीमारी फैलती है। बता दें कि सभी मच्छर मलेरिया नहीं फैलाते बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज ही इसे मनुष्यों में फैलाने में सक्षम होते हैं। मलेरिया एनाफिलीज मच्छर से नहीं होता बल्कि यह मच्छर परजीवी का काम करते हैं। यदि कोई मच्छर आपको काटता है और उसमें मलेरिया है तो परजीवी आपके रक्त प्रवाह में चला जाएगा, जो आपके पूरे शरीर को संक्रमित कर सकता है।

वैसे तो दुनिया में मलेरिया का उपचार मच्छर की खोज से पहले भी था। वैज्ञानिकों ने उससे पहले 'कुनैन' दवा की खोज कर ली थी लेकिन उसकी कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही थी। 1897 में मलेरिया के वाहक एनाफिलीज मच्छर की खोज होने के बाद ही मलेरिया से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कई और महत्वपूर्ण रिसर्च की गई। हालांकि समय के साथ मलेरिया परजीवियों ने आर्टेमिसिनिन और क्लोरोक्वीन सहित आमतौर पर मलेरिया के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है, इसीलिए अब दुनियाभर के कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ मलेरिया से लड़ने वाली बेहतर दवाओं की खोज जारी रखे हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण दुनियाभर में हर साल सात लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस, वेस्ट नाइल, पीला बुखार, लिम्फैटिक फाइलेरिया जैसी बीमारियां होती हैं। मच्छर के काटने पर बहुत ज्यादा खुजली और जलन की समस्या होती है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के करीब 29 करोड़ मामले सामने आते हैं और मलेरिया से प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। हर साल भारत में ही करीब 4 करोड़ लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें मलेरिया सबसे आम है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मलेरिया के ही प्रतिवर्ष करीब डेढ़ करोड़ मामले सामने आते हैं। दुनिया के 100 से भी ज्यादा देशों में मलेरिया के मामले रिपोर्ट होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक दुनियाभर में मलेरिया के करीब 70 प्रतिशत मामले 11 देशों में ही केंद्रित हैं, जिनमें से एक भारत तथा बाकी अफीकी महाद्वीप के हैं। मलेरिया ऐसी बीमारी है, जो आमतौर पर दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी ऐसी घातक बीमारी है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, ठंड लगना, पसीना, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल होते हैं।

दुनियाभर में मच्छरों की करीब 3700 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 393 प्रजातियां भारत में हैं। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के बाद भारत पांचवां सर्वाधिक मच्छर विविधता वाला देश है। इनमें से मच्छरों की कुछ प्रजातियां ही रोगवाहक होती हैं। मच्छरों की ऐसी ही कुछ विशेष प्रजातियां विभिन्न बीमारियों के प्रसार का कारण बनती हैं, जिनमें मलेरिया के अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, वेस्ट नाइल वायरस रोग, लिम्फैटिक फाइलेरिया इत्यादि प्रमुख हैं। दुनियाभर में 4 अरब से भी ज्यादा लोग एडीज मच्छर द्वारा फैलने वाले डेंगू के जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं। डेंगू बुखार आमतौर पर उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द तथा त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। डेंगू बुखार कभी-कभी डेंगू हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकनगुनिया के मामले और प्रकोप अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप तथा हिंद और प्रशांत महासागरों में 100 से भी ज्यादा देशों में सामने आए हैं। चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर द्वारा ही फैलता है, जिसके लक्षणों में बुखार, जोड़ो में गंभीर दर्द, और त्वचा पर रैशेज शामिल हैं। चिकनगुनिया का दर्द कई महीनों तक बना रह सकता है, जिससे व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

जीका वायरस भी संक्रमित एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलता है। यह वायरस जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति से उसके यौन साथी में शारीरिक संबंधों के जरिए भी फैल सकता है। गर्भवती महिला से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में भी यह वायरस फैल सकता है। गर्भावस्था के दौरान संक्रमण से कुछ जन्म दोष हो सकते हैं। जीका वायरस रोग के मामले और प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत और पश्चिमी प्रशांत के क्षेत्रों में सामने आते रहे हैं। वेस्ट नाइल वायरस रोग अमेरिका सहित दुनिया के कई स्थानों में पाया जाता है, जो मच्छर जनित बीमारी का प्रमुख कारण है। यह क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलता है, जो कभी-कभी एन्सेफलाइटिस और मेनिंजाइटिस जैसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि अपने घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नेपाल में लंबे समय तक रहा कोइराला परिवार का वर्चस्व

**शेखर कोइराला के हाल ही ओली सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहें हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी।

कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवम्बर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर था। कोइ. राला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो कहना न होगा, उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र के नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे लेकिन इनके इस कार्यकाल को लो. कतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे। इसीलिए उनकी राजा महेन्द्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुत दलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वाशित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइरालला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूले हिलाकर रख दी थी। उनका जीवन अधिकांशत: जेल,निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी को. इराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतान्त्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा।

वे 1991 से लेकर 2008 यानि लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे। गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37 वें और लोकतान्त्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बूआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतान्त्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी थे।प्रधानमंत्री रहते हुए उनके सादगी चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर कभी नहीं खर्च किए। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री व एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लो. कतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़े पन का समाधान है। कोइराला परिवार के अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार मे राजनीतिक शून्यता जा गई है। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं। नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## किसान और व्यापारी का साझा भविष्य: राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा





रोहित अग्रवाल

राष्ट्रीय लोकदल को अक्सर केवल किसानों की पार्टी कहा जाता रहा है। अतीत में यह धारणा गहरी रही कि किसानों की राजनीति और व्यापारियों के हित अलग-अलग हैं। लेकिन बदलते समय ने यह साबित किया है कि जब तक व्यापार श्रंखला मजबूत नहीं होगी, तब तक किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिल सकता और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक व्यापार भी स्थाई और संतुलित नहीं हो सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी विचारधारा में किसान और व्यापारी दोनों वर्गों को जोड़कर देखने का संकल्प लिया है।

कृषक और व्यापारी, दोनों देश की आर्थिक धुरी हैं। किसान अनाज, सब्जियां, फल और तमाम कृषि उत्पाद पैदा करता है, लेकिन उनका सही मूल्य तभी संभव है जब मजबूत व्यापारिक श्रंखला उपलब्ध हो। भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी व्यवस्थाएं यदि व्यवस्थित ढंग से होंगी, तभी किसान की उपज अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेगी और उसे उसका हक मिलेगा। इसी सोच से राष्ट्रीय लोकदल ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य यही है कि व्यापारी वर्ग की मजबूती से किसानों का भी भविष्य सुरक्षित हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में चले चौदह महीने लंबे किसान आंदोलन ने किसानों और भारतीय जनता पार्टी के बीच दूरी का एक वातावरण बनाया था। उस दौर में यह संदेश गया कि भाजपा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है और यह भी कि व्यापारी और किसान के हित आपस में मेल नहीं खाते, लेकिन आज परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय लोकदल इस खाई को भरने का काम कर रहा है। हम किसान और व्यापारी दोनों को साथ लेकर समावेशी नीति तैयार कर रहे हैं। भाजपा भी अब किसानों की जरूरतों को समझते हुए अपनी नीतियों में सुधार कर रही है।

संवाद और सहयोग के इस माहौल ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और व्यापारी, दोनों वर्गों का तालमेल ही देश की प्रगति का आधार है। इस समावेशी दृष्टिकोण के सफल परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे और किसान की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर होगी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देशभर में औद्योगिक कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा रही है। इन परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योग जगत को ही नहीं मिलेगा, बल्कि किसान की फसल भी अब सीधे बड़े बाजारों और प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंच सकेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए किसानों के उत्पाद का मूल्य कई गुना बढ़कर उन्हें मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि यह विकास की दिशा दोनों वर्गों के लिए समान रूप से हितकारी है और इसलिए व्यापार व किसान को एक सेतु से जोड़ने का काम हमारा व्यापार प्रकोष्ठ कर रहा है। राष्ट्रीय लोक. दल, भारतीय जनता पार्टी की उन नीतियों का समर्थन करता है जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के जरिए भंडारण, बीज, खाद, दवा और कृषि उपकरण गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना इसका उदाहरण है। अब किसान को इनपुट सामग्री भी उसके दरवाजे पर उचित दाम पर मिलेगी और उपज का भंडारण भी गांव में ही संभव होगा। इससे किसान को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और व्यापारी वर्ग को भी पारदर्शी व्यापार व्यवस्था का अवसर मिलेगा। पुरानी धारणा यह थी कि व्यापारी और किसान एक-दूसरे के हितों के विपरीत खड़े होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल इस सोच को तोड़ रहा है। हमारी विचारधारा कहती है कि जब व्यापारी को अनुकूल माहौल मिलेगा, व्यापा. रिक संरचना मजबूत होगी, तो वही संरचना किसान के हितों की भी रक्षा करेगी। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

इसी विचार के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने किसान और व्यापारी के साझा भविष्य का खाका तैयार किया है। यह तालमेल केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समरसता की नई राह है। भाजपा की समावेशी नीतियों और राष्ट्रीय लोकदल की किसान-केन्द्रित विचारधारा के बीच यह सामंजस्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। आज जरूरत है कि किसान और व्यापारी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। राष्ट्रीय लोकदल इस साझा दृष्टि को लेकर ही काम कर रहा है, जहां किसान की समृद्धि और व्यापारी की प्रगति साथ-साथ चले। यही रास्ता देश की वास्तविक उन्नति की ओर ले जाएगा और यही भारत को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

(लेखक राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत-चीन में बातचीत से संबंध मजबूत हुए: डोभाल

## एनएसए ने कहा: दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं।

शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के



■ चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था

सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जाएंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आएगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। वहीं गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं।

### भारत से कल सीधे पाक जाएंगे चीनी विदेश मंत्री वांग ई

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई तीन दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां से सीधे पाकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे जहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष और उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वांग ई 20 से 22 अगस्त तक पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ चीन-पाकिस्तान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता के छठे दौर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान को अटूट और सदाबहार मित्र बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष 'व्यावहारिक सहयोग' बढ़ाने के लिए 'गहन संवाद' करेंगे। चीन के विदेश मंत्री की तीन वर्षों में यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी।



मुंबई। बारिश के बीच पानी से भरी सड़क से गुजरते लोगों के बीच कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति।

### जॉर्डन सम्राट ने गाजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति का किया आह्वान

**अम्मान।** जॉर्डन के सम्राट अब्दुल्ला द्वितीय ने सोमवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का आह्वान किया। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सम्राट अब्दुल्ला ने गाजा पर अपने कब्जे को मजबूत करने और वहाँ सैन्य नियंत्रण का विस्तार करने की इजरायल की योजनाओं को जॉर्डन द्वारा अस्वीकार किए जाने की बात दोहराई और चेतावनी दी कि इस तरह के 'एकतरफा कदम' क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने तथाकथित ग्रेटर इजरायल दृष्टिकोण पर इजरायल के बयानों को भी खारिज कर दिया और पश्चिमी तट पर बस्तियों के विस्तार की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है और फलस्तीनियों के एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के अधिकार को कमजोर करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के यूटा में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के यूटा में रविवार रात हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ. जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर जाएंगे पी. कुमारन

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया व पेरू की छह दिन की यात्रा पर जाएंगे जहां वह इन देशों के साथ निरंतर बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान कुमारन कोलंबिया व पेरू की सरकारों के मंत्रियों व अधिका. रियों से मिलेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय संदर्भ में पारस्परिक हित के विषयों के अलावा, व्यापार और वाणिज्य, खनन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, बुनियादी ढांचा, आईटी और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# रूस-यूक्रेन के बीच फिलहाल सीजफायर नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग, सीजफायर पर सहमति नहीं बनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति आफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।

इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कान्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डालर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। ट्रम्प ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी लेने का संकेत देते हुए कहा है कि अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बातचीत से उत्साहित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय वार्ता की व्यवस्था करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को इस बातचीत के दौरान ही फोन किया और आशा व्यक्त कि अब अगली बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका की त्रिपक्षीय बैठक के रूप में हो सकती है। अमेरिकी सुरक्षा गारंटी को लेकर भले ही संकेत मिले हों लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये वार्ता किस रूप में होंगी और इनमें विदेशी सैनिकों की तैनाती, संयुक्त हवाई और समुद्री गश्त, खुफिया जानकारी साझा करना या सैन्य सहायता शामिल हो सकती है। अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई यह वार्ता अब तक की सबसे अच्छी वार्ता रही है और वह पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत से पहले किसी तरह के युद्धविराम की आवश्यकता को खारिज कर दिया, जिसका यूरोपीय नेताओं ने विरोध किया। बैठक में आए जर्मन चां. सलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि अगली बैठक युद्धविराम के बिना होगी। उन्होंने कहा कि हमें रूस पर दबाव बनाने की कोशिश करनी होगी। व्हाइट हाउस में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वह आज की बैठक के परिणाम से बहुत प्रसन्न हैं, जिसने नेताओं के बीच एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उसके बिना नहीं लिया जाना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी युद्धविराम के लिए मर्ज़ की टिप्पणियों को दोहराया लेकिन यह भी कहा कि यूरोपीय सैन्य बलों को ज़मीनी स्तर पर यूक्रेन की मदद करनी चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने हालांकि जरा तल्खी से कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी में अमेरिका की भागीदारी के बारे में 'कुछ भी ठोस' नहीं है। जेलेंस्की और पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि रूसी नेता पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



■ ट्रम्प ने पुतिन को फोन किया यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले आठ लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा

### यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगाति हो रही: जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनका मानना है कि पुतिन रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं और वह शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगति हो रही है और उसके द्वारा मांगी गई सुरक्षा गारंटी प्रदान की जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करने के विचार का समर्थन करते हैं और वह त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने मीडिया से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी स्वीकार करने पर सहमत हुए हैं, जो उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिन पर 'हमें विचार करने की आवश्यकता है,' और कहा कि पुतिन इसका समाधान खोजना चाहते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने मोदी, आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय की अंतरिम राहत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए।

पीठ के समक्ष आरोपी मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। इंदौर के स्थानीय अधिवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शीर्ष अदालत के समक्ष इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि जांच जारी रहने के कारण पोस्ट को हटाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवीय को सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करने दें और साथ ही वह यह भी वचन दें कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेंगे और जांच में सहयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 15 जुलाई को कार्टूनिस्ट को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करते हुए शो और सोशल मीडिया पर आपत्ति. जनक भाषा के प्रयोग की निंदा की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 जुलाई, 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि आवेदक द्वारा इस कार्टून में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ आरएसएस को चित्रित करने का आचरण के साथ ही एक अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है।

■ हेमंत को दस दिन के भीतर माफीनामा प्रकाशित कराना चाहिए: पीठ

## पुतिन ने दी रामफोसा को ट्रम्प से मुलाकात के बारे में जानकारी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सोमवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुतिन और ट्रम्प ने अलास्का के एंकोरेज में एक महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत के तरीके और शांति प्रक्रिया पर उभरते तालमेल पर संतोष व्यक्त किया। बयान के अनुसार रामफोसा ने पुतिन की ब्रीफिंग की सराहना की और साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच स्थाई शांति स्थापित करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर और अधिक समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक बार फिर खुले संवाद बनाए रखने और द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर अपना सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया। रामफोसा अन्य अफ्रीकी नेताओं के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता भी कर रहे हैं। ट्रम्प सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से मिलने वाले हैं।

### बंडारू विल्सनबाबू तुर्कमेनिस्तान और किशन देवल डोमिनिकल गणराज्य के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान और किशन दान देवल को डोमिनिकल गणराज्य का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मेडागास्कर में भारत के राजदूत विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है और उनके उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव किशन दान देवल को डोमिनिकन गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

## 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर छाया संकट

### 25 लाख लोग गरीब हो सकते हैं प्रभावित, भारतीय रत्नों का 30% ग्लोबल ट्रेड भी खतरे में

**मुंबई।** भारत पर ट्रम्प का टैरिफ 27 अगस्त से दोगुना यानी 50 प्रतिशत होने वाला है। इसको लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाले सेक्टर्स में डर का माहौल है, क्योंकि आर्डर में भारी कमी के चलते व्यापार का एक बड़ा हिस्सा जल्द ही बंद हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के भदोही में कालीन बनाने वाले इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ से हम हैरान थे और सोच रहे थे कि इस समस्या का सामना कैसे होगा, लेकिन अब ये 50 प्रतिशत हो गया है, इसे झेलना असंभव है। हमें डर है कि इससे करीब 25 लाख कामगार-मजदूर अपनी जरूरतें पूरी करने में भी सक्षम नहीं रह जाएंगे। भारत में काफी बड़े स्तर पर कालीन का उत्पादन होता है। इसमें से 98 प्रतिशत माल विदेश भेजा जाता है। हाथ से बने टफ्टेड कालीन इस व्यापार का बड़ा हिस्सा है, जबकि पर्शियन स्टाइल के हाथ से बने रग्स या गलीचे (कारपेट) सबसे कीमती हैं। बीते कुछ साल में कालीन और रग्स का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को बेचा गया है। ट्रम्प के टैरिफ के चलते अमे. रिका को माल बेचने पर अब 500 डालर के कारपेट पर 125 डालर का टैरिफ लग रहा है, आगे ये 250 डालर तक पहुंच सकता है। इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं। वे सरकार के मुफ्त पांच किलो अनाज पर निर्भर रहते हैं। धागा कातना और रंगना, डिजाइन करना, बुनाई और कालीन की फिनिशिंग करने के काम से उन्हें करीब 15 हजार रुपये महीना अतिरिक्त मिलता है। इश्तियाक कहते हैं सबसे बुरा हाल हमारे हमारे मजदूरों और बुनकरों का होगा। कालीन उद्योग के अलावा भी कई सेक्टर्स पर खतरा है। 7 अगस्त को ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की, तो जेम्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने लिखा कि भारतीय रत्नों के ग्लोबल ट्रेड का 30 प्रतिशत खतरे में है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर भारत है।

■ इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं

## इजरायल ने की लेबनान में नई सैन्य चौकी स्थापित

**बेरूत।** इज़रायल की सेना ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में एक नई सैन्य चौकी स्थापित की। लेबनानी सुरक्षा और स्वास्थ्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि यह नई चौकी कफ़र किला गाँव के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित ब्लू लाइन से लगभग 15 मीटर दूर है। सूत्र ने कहा कि यह एक मिट्टी के अवरोध से घिरा हुआ है, निगरानी उपकरणों और भारी मशीनगनों से लैस है और इसमें एक मर्कवा टैंक भी है। लेबनानी सूत्र ने दावा किया कि यह कदम इज़रायल द्वारा मिस्गाव आम की इज़रायली बस्ती के पास एक चौकी स्थापित करने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। यह लेबनानी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर अंदर है। इस बीच लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय के जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने एक बयान में कहा कि इजरायली दुश्मन के ड्रोन द्वारा गिराए गए बम से चार लोग घायल हो गए, ये सभी सीरियाई नागरिक थे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108